हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● मंगलवार ● 24.09.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 65 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया



## एक नजर

### कार्यकर्ता के प्रयास से चूल्हा प्रमुख सम्मेलन हुआ ऐतिहासिक : रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के द्वारा बड़गांव प्लस टू हाई स्कूल के खेल मैदान में 22 सितंबर को आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का सफल आयोजन के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। तथा सफल आयोजन को ऐतिहासिक बताया है। चौधरी ने कहा की पार्टी के कार्यकर्ता लोग रात दिन मेहनत कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। निश्चित तौर पर आने वाले विधानसभा चुनाव में आप कार्यकर्ता एवं समर्थकों की सहयोग से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी विजय हासिल करेगी। जिला, प्रखंड एवं पंचायत के सभी विंग के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को धन्यवाद के साथ आभार प्रकट करता हूं।

### भाजपा नेता ने रघुवर दास और अर्जुन मुंडा से की मुलाकात



**बरही :** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश यादव ने जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान, गणेश यादव ने दोनों नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें बुके एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। गणेश यादव ने नेताओं को वर्तमान राजनीतिक स्थिति और पार्टी के संभावित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। गणेश यादव ने इस बैठक को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे पार्टी की चुनावी तैयारियों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आगामी चुनाव में एक मजबूत उपस्थिति बनाएगी और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएगी।

### 2 अक्तूबर को हजारीबाग में होगा भव्य गंगा आरती : डॉ. अमित सिन्हा

**हजारीबाग :** भाजपा नेता अमित सिन्हा के द्वारा हजारीबाग में आगामी 2 अक्टूबर महालय के दिन हजारीबाग के छठ तलाब में भव्य गंगा आरती का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसे लेकर भाजपा नेता अमित सिन्हा के द्वारा आयोजन स्थल छठ तलाब में साफ सफाई को लेकर अभियान चलाया गया। अमित सिन्हा ने कहा की इस गंगा आरती में बनारस से आ रहे विशेष टीम के द्वारा गंगा आरती प्रस्तुत किया जाएगा। गंगा आरती के अगली सुबह दशहरा की शुरूआत होगी है उसके बाद तुरंत बिहार झारखंड का महापर्व छठ भी है। यह सफाई अभियान इन सभी पर्व को देखते हुए किया जा रहा है। तथा भाजपा नेता ने लोगों से यह आग्रह भी किया है की लोग इस ऐतिहासिक पुराने तालाब को साफ रखें ताकि लोग यहां आ कर समय बिता सकें। शहर की सफाई हम सब की नैतिक जिमेवारी होनी चाहिए हैं। डॉ. अमित सिन्हा ने बताया कि महालया व दुर्गापूजा के पूर्व संध्या हजारीबाग शहर के बीचों बीच छठ तालाब में भव्य महा आरती का आयोजन किया जा रहा है।

# पार्क के कर्मियों के वेतन भुगतान और भविष्य निधि को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धीरज कुमार सिंह ने शहीद निर्मल महतो पार्क में कार्यरत कर्मियों का उचित वेतन भुगतान ससमय वेतन भुगतान और भविष्य निधि का राशि नहीं जमा करने के संबंध में नगर आयुक्त नगर निगम हजारीबाग के साथ, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, हजारीबाग जिला महासचिव कजरू साव, जिला उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं शहीद निर्मल महतो पार्क के कार्यरत कर्मियों के साथ हुई वार्ता जिसमें अक्टूबर प्रथम सप्ताह तक मजदूरों की समस्या का हल निकालने का नगर आयुक्त ने दिये आश्वासन। पार्क कर्मियों ने नगर आयुक्त के साथ आग्रह पूर्वक अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें मुख्य रूप से भविष्य निधि का बकाया राशि, समय से वेतन न मिलाना, उचित वेतन वेतन भुगतान में कटौती करना शामिल था। शहीद निर्मल महतो पार्क के कर्मियों को निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी के मालिक मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा उचित वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के मध्यस्थता में जुलाई 2024 को पार्क कर्मियों और मनोज सिन्हा के बीच में वार्ता हुई थी। जिसमें दोनों पक्ष वार्ता के बाद सहमति बनी कि अगस्त माह से बढ़ा हुआ वेतन दिया जाएगा। भविष्य निधि का बकाया राशि वर्तमान एवं पूर्व मिलकर दिया जाएगा। महीने की 10 तारीख तक वेतन दे दिया जाएगा। लेकिन इसे के बावजूद इस तरह का कोई भी काम मनोज सिन्हा के द्वारा नहीं किया गया और कर्मियों के वेतन और उससे संबंधित सभी मांगों को अनदेखा किया गया। जिसके फल स्वरुप उग्र होकर मजदूर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि के साथ नगर निगम आयुक्त के कार्यालय पहुंचे थे। नगर आयुक्त को लिखित में भी एक आवेदन सोपा गया है जिसकी कॉपी पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, एसडीओ हजारीबाग, डीसी हजारीबाग को भी दी गई है। और बताया गया है कि अगर इस पर सम्मानजनक समझौता नहीं होता है तो बाध्य होकर निर्मल महतो पार्क को बंद करेंगे। इसकी सारी जवाबदेही नगर निगम और पार्क के संचालक की होगी। नगर निगम के कमिश्नर योगेंद्र प्रसाद ने सभी बातों को सहानुभूति पूर्वक समझा है और उन्होंने अपने पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि मध्यस्थता करा कर पूरे मामले को अपने संज्ञान में लेते हुए मजदूरों की जो समस्या है उसको दूर करेंगे।

## क्षेत्र के खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी : अंबा प्रसाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड कृषि फार्म के मैदान में रविवार को कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में फूटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव शामिल हुए। इस मैंच के मुखिया अशोक राम और पंसस सुरेश भुइयां, और विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव ने फुटबॉल को कीक मारकर मैच का उद्घाटन किये। फाइनल मैच में किंग इलेवन नकटी चट्टी बनाम युवा क्लब राहम टीम के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। जिसमें किंग इलेवन नकटी चट्टी ने राहम टीम को 3 -0 से पराजित कर ट्रॉफी में कब्जा जमाया । इस मैच का विजयी टीम और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को विधायक अंबा प्रसाद ने मैडल सील्ड और बकरा दे कर सम्मानित की। वही इसके पूर्व तीसरा प्राइज के लिए युवा क्लब कराली और मंसूरिया बीच खेला गया। इसमे कराली के टीम ने 2-1 से विजयी रहा। इस मौके पर विधायक ने कही कि फुटबॉल मैंच खेलने से शारीरिक और मानसिक रूप मजबूत होते है। प्रखण्ड में खिलाड़ियों की कमी नही बस उसे निखारने की जरूरत है। जो कांग्रेस पार्टी खिलाड़ियों आगे ले जाने हमेशा प्रयास कर रही है। इस खेल में 32 टीम भाग लिए थे। जिसमें सभी टीमों को जर्सी दिया गया।

## हजारीबाग महानगर कांग्रेस की बैठक संपन्न पांच उम्मीदवारों के नाम पर जताई सहमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आज महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान और मनोज मेहता की उपस्तिथि में हुई । इस कार्यक्रम का मंच संचालन महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज अहमद और अधिवक्ता इजहार हुसैन और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह ने किया । आज की बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग सदर सीट से 34 कांग्रेसजनों ने अपनी उम्मीदवारी की दावेदारी की है, हजारीबाग नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर विधानसभा के सभी 34 नामो पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श के बाद अंतत पांच नाम पर सर्वसमिति बनी उन पांच उम्मीदवारों के नाम अनुशंसा कर बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपा गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को जीतने हेतु कांग्रेस पार्टी के नगर के पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्षयो ने रणनीति बनाई। आज की बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भारत ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तन मन से लग जाए और मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूल मंत्र है। इस अवसर पर प्रभारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता निसार खान में कहा कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं संगठन को वार्ड और बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना एक-एक कार्यकतोओं की जिम्मेवारी है, बीते लोकसभा चुनाव में हजारीबाग जिला में सदर हजारीबाग विधानसभा में हजारीबाग नगर क्षेत्र के 36 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी को सबसे ज्यादा वोट मिला । इसी तरह हम लोगों को दोबारा सभी के प्रयास से नगर क्षेत्र में कांग्रेस का परचम फहराएगा यह हम सभी की सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

## स्वच्छता ही सेवा का हुआ शुभारंभ, स्वच्छता संस्कार के तर्ज पर अभियान का होगा संचालन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के नया बस स्टैंड परिसर में स्थित सुलभ शौचालय में स्वच्छता ही सेवा 2024 का शुभारंभ हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पांडेय ने को वर्ष 2014 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत हुई। जिसके बाद साल दर साल स्वच्छता जागरूकता में गुणात्मक सुधार हुआ। जिसके फलस्वरूप आज पूरे देश के स्वच्छता को लेकर लोग जागरूक हुए आगे उन्होंने कहा की शुरू हुआ। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता संस्कार के तर्ज पर अभियान का संचालन होगा मौके पर उपस्थित नगर प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा की स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वच्छता को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संदेश को पहुंचाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप आज बहुत हद तक इस पर सफलता पाया गया है। हमारे एक पहल मात्र से शहर स्वच्छ और साफ सुथरा रहेगा। सामूहिक प्रयास से यह संभव है। सरकार और सुलभ के प्रयास से व जनभागीदारी से हम स्वच्छ भारत अभियान को सार्थक बना सकेंगे। मौके पर हजारीबाग नगर निगम के नगर प्रबंधक लेमांसु, फरहत अनीसी, महफूज आलम, अर्पण इंदवार, उपनियंत्रक शेषनारायण झा एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए यशवंत सिन्हा ने डीसी को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** अटल विचार मंच के संस्थापक एवं पूर्व वित्त विदेश मंत्री भारत सरकार सह हजारीबाग लोकसभा के लोकप्रिय पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग जिले के ट्रैफिक व्यवस्था पर अपनी गहरी चिंता जताते हुए हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक और हजारीबाग के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि जिले में बिगड़ती जा रही ट्रैफिक व्यवस्था को अभिलंब दुरुस्त किया जाए। जिससे जनता को राहत महसूस हो। साथ ही उन्होंने वैसे अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह अपने नाबालीग बच्चों को वाहन चलाने के लिए उपलब्ध नहीं करवाए, आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं में उन बच्चों की जान जा रही है, साथ ही आने-जाने वाले राहगीर भी दुर्घटना का शिकार बनकर बेवजह अपनी जान गवा रहे हैं। इस पर सख्ती से जांच करते हुए बिना समुचित कागजात के कोई भी व्यक्ति बाहर ना चलाएं इसकी गहनता पूर्वक जांच किया जाए। जिससे आम नागरिकों के जान माल की रक्षा हो सके। इसके साथ ही सिन्हा ने पदाधिकारी से आग्रह किया कि उचित पार्किंग की व्यवस्था भी किया जाए, जिससे आम लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

# एजीयू एस्पायर अवार्ड में आईसेक्ट विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन, 11 अवार्ड किये अपने नाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आईसेक्ट ग्रूप ऑफ युनिवर्सिटीज की ओर से भोपाल के होटल ताज में आयोजित एजीयू एस्पायर अवार्ड-2024 में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का शानदार प्रदर्शन रहा। जहां विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग ने एजीयू डिपार्टमेंटल ब्रिलियेंस अवार्ड पर कब्जा जमाया, वहीं शाइनिंग स्टार्स पीआर एक्सीलेंस अवार्ड आईसेक्ट विश्वविद्यालय के पीआरओ मो. शमीम अहमद ने अपने नाम किया। युनिवर्सिटी रिकमेंडेड अवार्ड्स की फेहरिस्त में डिपार्टमेंट एक्सिलेंस अवार्ड विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग को प्राप्त हुआ। डॉ एसआर रथ की अगुवाई में रितेश कुमार, राजेश रंजन और अजय वर्णवाल ने एजीयू के चेयरमैन व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के हाथों यह अवार्ड ग्रहण किया। फैकल्टी अपस्किलिंग अवार्ड वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, बेस्ट एजुकेटर अवार्ड कृषि विभाग के एचओडी डॉ सत्य प्रकाश, आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन्स टू रिसर्च अवार्ड विज्ञान विभाग की एचओडी सबीता कुमारी, एडमिनिस्ट्रेटिव लीडरशिप एक्सिलेंस अवार्ड सहायक कुलसचिव अमित कुमार, गाइडिंग स्टार अवार्ड इन एडमिशन काउंसलिंग सहायक कुलसचिव चांदनी कुमारी, इमर्जिंग एजुकेटर अवार्ड सहायक प्राध्यापक डॉ आलोक राय, लैब टेक्नीशियन डिस्टिंक्शन अवार्ड राजेश कुमार व टेली परफार्मेंस अवार्ड मीना कुमारी ने अपने नाम किया। इस अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के परफार्मेंस पर खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि पहली बार एजीयू की ओर से आयोजित इस अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने जो प्रदर्शन किया है, वह सुकून देने लायक है। उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंटल, एडमिनिस्ट्रेटिव लीडरशिप, लैब टेक्नीशियन, फैकल्टी अपस्किलिंग, पीआर एक्सीलेंस, काउंसलिंग व टेली परफार्मेंस जैसे क्षेत्रों में अवार्ड पाना यह साबित करता है कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय लगातार अपने आपको अपग्रेड किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी अवार्ड विजेताओं को बधाई दी और कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने सीमित संसाधनों में विकास की एक नई लकीर खींची है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तो हमारी पहचान बन ही चुकी है। साथ ही योग्य प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं की मदद से विद्यार्थियों के समावेशी विकास के लिए भी विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस अवार्ड सेरेमनी से प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं व कर्मियों में न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव आएगा बल्कि बेहतर कार्य करने को लेकर प्रोत्साहन भी मिलेगा। बताते चलें कि इस अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट ग्रुप ऑफ युनिवर्सिटीज के सभी 6 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### नए सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में अशोक कुमार ने लिया प्रभार



**हजारीबाग :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग के रूप में अशोक कुमार ने प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने आज नए अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अपना प्रभार सौंपा। कार्यालय की ओर से नए अनुमंडल पदाधिकारी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ कार्यालय के गोपाल कुमार पासवान, मयंक कुमार, निशिकांत उपाध्याय एवं अशोक दास व अन्य मौजूद रहे।

### बरवाडीह मेगालिथ में दो पत्थरों के बीच सूर्य को करवट बदलते खूबसूरत नजारा लोगों ने देखा



**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग मुख्य पथ पंकरी बरवाडीह स्थित विश्व प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल के इक्विनोक्स प्वाइंट से खड़े दो पत्थरों के बीच से सूर्योदय के अद्भुत खगोलीय नजारा को देखने को मिला। हालांकि इसे देखने के लिए लोगों को 15 से 20 मिनट तक बादल के छटने का इंतजार करना पड़ा। अहले सुबह से ही सूर्योदय को देखने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचे हुए थे। खगोलीय घटना के अद्भुत नजारा को ब्याख्यान के लिए इक्विनोक्स पॉइंट मेगालिथ स्थल का खोजकर्ता सुभाषित दास उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारीयां दी, लोगों को बताया कि यह एक इक्विनोक्स प्वाइंट है जो कर्क और मकर रेखा पर 21 मार्च व 23 सितंबर को सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है। इसके कारण समदिवारात्रि होता है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार से मेगालिथ स्थल को संरक्षण की मांग की है। मेगालिथ स्थल पर कई बार शराबियों एवं जारी का अड्डा भी देखा गया है। इसे दूर करने की आवश्यकता है। स्थल पर कई बार शराब की बोतल भी टूटे बिखरे पड़े शीशे भी नजर आए हैं। इन गंभीर विषयों पर सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संरक्षण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों के द्वारा आश्वासन भी दिया गया कि स्थल को संरक्षण किया जाएगा परंतु लोगों को अब तक इंतजार ही करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि यह पूरे बड़का गांव करणपुरा क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा धरोधर है इसे बचाना संरक्षण करना बहुत जरूरी है। वहीं बाहर से आए लोगों ने कुछ दूरी पर स्थित पचपड़वा स्थित बौद्ध स्तूप भी देखे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हॉस्पिटल में चलाया स्वच्छता अभियान



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में कमरों एवं कैंपस की साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के निर्देशनुसार पूरे भारतवर्ष में किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा है इसके अंतर्गत साफ सफाई की जा रही है, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया है, इस वर्ष 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत और औपचारिक स्वच्छता शपथ और एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई थी। महाविद्यालय के सचिव टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि अभियान का थीम हैझ्र स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में पूर्ण स्वच्छता की दिशा में प्रयासों में तेजी लाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने संचालन किया, इन्होंने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है एवं शरीर की भी स्वच्छता बहुत जरूरी है। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने आसझ्रपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर बालेश्वर कुमार ने किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक गण प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफेसर किशोर प्रसाद दांगी एवं चंचल प्रसाद मेहता। स्वयं सेवकों में राजू कुमार, विवेक, मुनेश, दिलचंद, राहुल, तुषार, शिवम यसवंत राम, सोनाली, मनीषा, पूजा, रेशमा, बबीता, विनीता, श्वेता सुमन, सोनम गुप्ता, नाजनी खातून, पायल, चांदनी भारती, नेहा, उजाला, बेबी, कंचन, उर्मिला, काजल, मोनिका आदि उपस्थित थे।

### संजीव बेदिया के नेतृत्व में केंद्रीय समिति की हुई बैठक, 16 प्रखंडों के कार्यकर्ता हुए शामिल



**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के बैठक सोहराई भवन रांची में किया गया। झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में हजारीबाग जिला से 16 प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव एवं केंद्रीय समिति के सदस्य उपस्थित हुए। केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा आगामी मइयां सम्मान यात्रा हेमंत सरकार द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में चलाया जाएगा। इसमें मंत्री बेबी देवी कल्पना सोरेन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे, यह यात्रा हजारीबाग जिला में भी किया जाएगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य डॉक्टर कमलनयन सिंह,सोनाराम मांझी, इजहार अंसारी, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, मांडू विधानसभा युवा नेता गौरव पटेल, प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, सुरेन्द्र बांडों, मो राजा खान, उज्जवल सिंह, मनोहर राम, मो सरफराज पंकज करमाली ,मो कुदुष, बिनेश पासवान, देवानांद कपिल चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता शामिल हैं।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 24.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 65 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

### सीएम ने खूंटी एवं सिमडेगा जिले को 734 करोड़ 55 लाख रूपये की योजनाओं की दी सौगात

# केंद्र से 1.36 लाख करोड़ मिलते ही मंईयां सम्मान की राशि कर देंगे दो हजार : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 में खूंटी की वीर भूमि उलिहातु से हमने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का शुरूआत की थी। आज हमसभी लोग इस कार्यक्रम के चौथे चरण में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने साल 2019 में हमें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन हम कर रहे हैं। आपसभी ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई चुनौतियां हमारी सरकार ने देखी है। सरकार गठन के कुछ ही दिनों बाद देश और दुनिया में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने सबकुछ बंद करने पर मजबूर कर दिया। दो वर्ष हमसभी लोग राज्य के भीतर जीवन और जीविका बचाने में लगे रहे। राज्य सरकार के बेहतर प्रयास से कोरोना संक्रमण काल में राज्य में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे याद है आज भी वह दिन जब गांव की दीदियों ने संक्रमण काल में लोगों को खाना बनाकर मुफ्त में भोजन कराने का काम किया। उसी समय मैंने संकल्प लिया था कि मैं राज्य की महिलाओं को हर हाल में सशक्त करूंगा। राज्य की नारी शक्ति को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने



लाभुक को योजना का लाभ देते मुख्यमंत्री व मंच पर मौजूद नेतागण

आज खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड अंतर्गत एनएचपीसी मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

#### आपका स्नेह एवं आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति देता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी यह बात कह रहा हूं। वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि आपसभी अपना हौसला बुलंद रखिए। आप मजबूती के साथ खड़े रहिए। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहे ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें। आपका स्नेह और आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देता है।

#### राज्य की नारी शक्ति को मिल रहा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग स्वाभिमानी होते है। यहां के लोगों ने हमेशा एकजुट रहकर राज्य के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान, वृद्धजनों को बुढ़ापे की लाठी दी है। हमारी सरकार ने राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की शुरूआत की है। सभी वर्ग-समुदाय की महिलाओं को हमारी सरकार उनका हक-अधिकार दे रही है।

#### केंद्र से 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया राशि मिले तो विकास कार्यों में और तेजी आएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फिर एक बार राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया राशि की मांग की गई है। अगर केंद्र सरकार यह बकाया राशि नही देता हैं तो उसका ब्याज ही दे ताकि राज्य सरकार द्वारा यहां की महिलाओं को सम्मान राशि के रूप में प्रतिमाह 2 हजार रुपये यानी कि सालाना 24 हजार रुपये भुगतान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए आज से चार वर्ष पहले पेंशन लेने के लिए लोगों को कितनी परेशानियों का सामना कर पड़ता था, लेकिन आज घर-घर जाकर लोगों को पेंशन और महिलाओं को सम्मान राशि से जोड़ने का कागज बनता है। अब हर घर में सम्मान और पेंशन राशि आती है। केंद्र सरकार राज्य को बकाया राशि उपलब्ध करा दे तो विकास के कार्यों को और गति मिलेगी।

#### सरकारी पदाधिकारी घरों में पहुंचकर समस्याओं का कर रहे हैं समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता के लिए है। यहां के पदाधिकारी, कर्मचारी को जो तनख्वाह मिलती है वह आपकी सेवा के लिए मिलता है। राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब सरकारी पदाधिकारी गांव जाएंगे और आपकी समस्या का समाधान करेंगे। कुछ वर्ष पहले तक आपने कभी सुना था कि कोई पदाधिकारी आपके गांव पहुंचते थे। आज परिस्थियां बदली है। आज सरकारी पदाधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान आपके द्वार पहुंचकर किया जा रहा है। यह कार्य अनवरत चलने वाला है। आज हर पदाधिकारी "जोहार" बोलकर आपको सम्मान देता है।

# मंईयां सम्मान योजना रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइए : कल्पना सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि ये वही हेमंत सोरेन हैं जिनको पांच महीने जेल में डाला था। इस योजना की शुरूआत हेमंत सोरेन ने पहले ही कर ली थी। आज आपको दूसरा किस्त मिल रहा है। आज आपको 7वां किस्त मिल रहा होता लेकिन भाजपा वालों की वजह से ये योजना रूक गया।

कल्पना ने कहा कि भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला, बल्कि कल्याणकारी योजनाओं को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले नहीं चाहते हैं कि हमारी माताओं बहनों के खाते में हजार टका आए। जैसे ही हमने मंईयां सम्मान योजना के पहली किस्त दी वैसे ही बीजेपी के कुछ लोगों ने पीआईएल कर दिया। कल्पना सोरेन गढ़वा के बंशीधर नगर से सोमवार को मंईयां सम्मान यात्रा की शुरूआत करने के बाद सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप इस योजना से खुश है या नहीं। यदि आप खुश हैं तो उनको दिखा देना है। जवाब उन लोगों को जो हिमाकत करते हैं हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआईएल करने का। हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआईएल दाखिल किया गया है। हम चेतावनी दे देना चाहते हैं कि झारखंड की जितनी भी योजनाए हैं, चाहे वह दीदियों के लिए हो, बेटियों के लिए हो, भाई-दादा के लिए हो ये योजनाएं ऐसी ही चलने वाली है। आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाईए। क्योंकि, मुझे पता है कि हमारे झारखंड की बहनें, झारखंड के भाई पूरे जोश के साथ लड़ रहे हैं हेमंत को मुख्यमंत्री बनाने के लिए।

इस दौरान उन्होंने स्टेज से पूछा कि किसकी सरकार बनेगी। जवाब में लोगों ने कहा हेमंत सोरेन की। फिर कल्पना सोरेन ने पूछा कि हेमंत सोरेन आपके क्या लगते हैं। लोगों ने जवाब दिया दादा लगते हैं। इस पर कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री इसलिए बनाना है। वो इसलिए बनाना है कि अभी बहुत सारे नेता जो केंद्र में बैठे हुए हैं वो लोग झारखंड में मंडरा रहे हैं। वो बताने आ रहे हैं कि आदिवासी बेटा हेमंत सोरेन झारखंड के लिए कुछ नहीं कर रहा है लेकिन अब झारखंड की जनता बताएगी कि बाहर से आप सात से आठ जितने मुख्यमंत्री को लाना है ले आईए लेकिन आने वाले साल में भी हेमंत सोरेन ही झारखंड के मुख्यमंत्री रहेंगे। क्योंकि, हेमंत सोरेन के साथ झारखंड की जनता खड़ी है।

## झारखंड में प्रचंड जीत दर्ज करेगा एनडीए : चिराग



**लोहरदगा :** झारखंड के पलामू जाने के क्रम में कुडू बस स्टैंड में लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान का आजसू पार्टी ने स्वागत किया। इस दौरान आजसू के कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनाएगी और भ्रष्ट हेमन्त सरकार को उखाड़ कर दम लेगी। चिराग ने कहा कि एनडीए के बड़े से बड़ा नेता एवं कार्यकर्ता दिन-रात एक किए हुए हैं तथा जनता के जाकर इस सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर कर रहे हैं। अब यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। इसकी उम्र खत्म हो गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि झारखंड निर्माण जिस सोच के साथ हुआ था वह अभी तक अधूरा है। अटल बिहारी वाजपेयी ने यह राज्य बिहार से अलग कर इसको विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का सपना देखा था लेकिन आज लूट-खसोट कर बर्बाद करने वालों के हाथों में झारखंड चला गया है। बिहार के बाद यह झारखंड को बर्बाद कर रहे हैं। अब इनकी मनमानी नहीं चलेगी। एनडीए की सरकार बनेगी और राज्य का समुचित विकास किया जाएगा। चिराग के स्वागत में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आयोग ने चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों एवं एजेंसियों के साथ किया विमर्श



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील भी की।

राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के उपरांत आयोग ने चुनाव कार्य से प्रत्यक्षतः संलग्न विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु कमर कस लें। आयोग की समीक्षा के क्रम में उपरोक्त दो समीक्षा बैठकों के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ आयोग ने संबंधित निर्वाचन विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की।

## आज झारखंड आएंगे पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु

**रांची :** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 24 सितंबर को धनबाद जिले के सिंदरी के बलियापुर स्थित हाई स्कूल मैदान में सुबह 10:30 बजे परिवर्तन यात्रा महासभा को संबोधित करेंगे। वे बलियापुर से बिरसा ब्रिज तक आयोजित रोड शो में दोपहर 12 बजे हिस्सा लेंगे। अधिकारी चंदनक्यारी के चांदीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा जनसभा को दो बजे संबोधित करेंगे। इसके बाद 3:00 बजे से बांग्ला भाषी बुद्धिजीवियों के साथ चंदनक्यारी में बातचीत करेंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 24 सितंबर को सुबह दस बजे खूंटी जिले के तोरपा स्थित ब्लॉक मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस राष्ट्र विरोधी व अलगाववादी तत्वों की पोषक है : नड्डा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास में ग्रहण लगाने का काम किया। हेमंत सोरेन ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जेएमएम भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई। उन्होंने परिवारवाद को बढ़ावा दिया। भाई-भतीजावाद को पनाह दी। युवाओं के साथ छल किया और अपने ही परिवार में जो पराये दिखे उन्हें दरकिनार किया। नड्डा ने कहा कि झारखंड को कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी से मुक्ति दिलाने का काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा मां, बेटी-रोटी और आदिवासी अस्मिता की रक्षा की यात्रा है। ये यात्रा आदिवासी की जमीन को हड़पने से बचाने की यात्रा है। जेपी नड्डा सोमवार को खूंटी में आयोजित भाजपा की परिवर्तन रैली



को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले नड्डा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। मैं लोकसभा चुनाव के दौरान भी झारखंड आया था और चुनावी सभाएं की थीं। उस समय भी हमें मालूम था कि इंडी अलायंस द्वारा किस तरह से झूठ फैलाया जा रहा है, लोगों को बरगलाया जा रहा है। मैं झारखंड की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इंडी अलायंस की एक नहीं सुनी और यहां से भाजपा को जीत दिलाई। जेपी नड्डा ने कांग्रेस को सबसे महाभ्रष्ट पार्टी बताया और कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी तत्वों व अलगाववादी तत्वों की पोषक है। उन्होंने प्रदेश और देश को भाई भतीजावाद, तुष्टीकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से ग्रसित किया। ये कहते थे कि हम हर परिवार को एक-एक लाख रुपये देंगे। क्या आपको मिल गया? इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम चूल्हा भत्ता देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने घर-घर में गैस सिलेंडर पहुंचा दिया लेकिन इनका चूल्हा भत्ता नहीं मिला।

उन्हो ने कहा कि आदिवासियों की रक्षा यदि कोई कर सकता है तो भाजपा ही कर सकती है। झारखंड गठन का काम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में हुआ। उन्होंने योजनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि हमने अपने इस 100 दिन के कार्यकाल में तीन करोड़ मकान की स्वीकृति दी है। 100 दिन के अंदर 70 साल से अधिक के बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक इलाज की सुविधा मुफ्त की है। अब 25 हजार गांव में सड़क बनाने का काम हो रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने पूछा कि ये कैसी सरकार है और प्रदेश का प्रशासन किस प्रकार से काम कर रहा है? रोहिंग्याओं को यहां बसाया जा रहा है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो, आईटी कानून के तहत अपराध : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बाल पॉर्नोग्राफी (अश्लील सामग्री) देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी



(आईटी) अधिनियम के तहत अपराध हैं। पीठ ने बाल पॉर्नोग्राफी और उसके कानूनी परिणामों पर कुछ दिशा निर्देश भी जारी किए। उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर अपना फैसला दिया है जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गयी थी।

इससे पहले, वह उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और महज डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी। उस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि आजकल बच्चे पॉर्नोग्राफी देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को इतना परिपक्व होना चाहिए कि वह उन्हें सजा देने के बजाय उन्हें शिक्षित करे।

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता संगठनों की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की दलीलों पर गौर किया कि उच्च न्यायालय का फैसला इस संबंध में कानून के विरोधाभासी है। वरिष्ठ अधिवक्ता फरीदाबाद में स्थित एनजीओ 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस' और नयी दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से अदालत में पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन बच्चों की भलाई के लिए काम करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से छह स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

एजेंसी

**राजनांदगांव/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के सोमानी थाना इलाके के जोरातराई गांव में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें 6 स्कूली बच्चे और 2 ग्रामीण हैं। एक ग्रामीण की हालत नाजुक है। घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तत्काल मृतकों के परिवार वालों को चार-चार लाख रुपये मदद के तौर पर देने का ऐलान किया है।

राजनांदगांव जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि घटना में जान गंवाने वालों में 6 स्कूली बच्चे मुढ़ीपार हाईस्कूल के 11वीं और बारहवीं के छात्र थे।स्कूल में परीक्षा देने के बाद यह सभी साइकिल से अपने गांव जोरातराई और मनगटा जाने के लिए निकले थे। तभी तेज गरज के साथ बारिश शुरू हुई, तो बारिश से बचने के लिए मुढ़ीपार और जोरातराई के बीच सड़क किनारे तेंदू पेड़ के नीचे बने खंडहरनुमा मकान में रुके थे। इनके साथ इसी मकान में दो ग्रामीणों ने भी शरण ली थी। आज दोपहर अचानक हुई तेज बारिश और तेज रोशनी के साथ बिजली गिरी और सीधे मकान की छत से टकराई। आकाशीय बिजली गिरते ही सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया है।

राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। शासन के नियमानुसार मदद राशि पीड़ित के परिजनों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मृतकों में रवि पटेल पुत्र कमलेश पटेल, पारस साहू पुत्र लूणकरण साहू, शशिकांत साहू पुत्र चंदू साहू, पियूष साहू पुत्र फेरू साहू, नितिन धनकर पुत्र दिनेश धनकर, चुरामन देवांगन पुत्र बोधन देवांगन, अनिल साहू पुत्र पीताम्बर साहू, तथा रमेश नेताम हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## एक नजर

### राजद ने रिसालदार बाबा दरगाह में की चादरपोशी

रांची : प्रदेश राजद की ओर से डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा दरगाह पर सोमवार को चादरपोशी की गयी। राजद की ओर से हजरत कुतुबुद्दीन रिसलदार शाह बाबा के मजार पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ और दीघार्यु होने और राज्य में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। मौके पर मुख्य रूप से राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महासचिव आबिद अली,शब्बर फातमी,संतोष प्रसाद, इम्तियाज हुसैन वारसी,रमजान कुरैशी, अरशद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव कल पद की शपथ लेंगे

रांची : जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव 25 सितंबर को राजभवन में झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस को रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे। शनिवार 21 सितंबर को राष्ट्रपति ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाया था और जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी की थी। चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है।

### मांगों को लेकर मोरहाबादी में आंगनबाड़ी सेविका व सहियाओं का हुआ जुटान

रांची : मोरहाबादी मैदान में राज्य की लगभग 10 हजार आंगनबाड़ी सेविका और सहियाएं एकजुट हुई। यह रैली राजभवन के समक्ष होना था। आवश्यकता से ज्यादा भीड़ होने की वजह से रैली मोरहाबादी मैदान में ही किया गया। रैली में शामिल महिलाओं ने कहा कि केंद्र सरकार आंगनबाड़ी सहिया को 4500 देती है। जबकि राज्य सरकार 5 हजार रुपए भुगतान करती है।इसके लिए राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाएं छोटे बच्चों को एक साल से लेकर 6 साल तक के बच्चों को पढ़ाने और समय-समय पर पोषाहार देने का काम करती हैं। रैली में शामिल कांके प्रखंड के खटंगा पंचायत के आंगन बाड़ी सहिया ने कहा कि राज्य में लगभग 50 हजार से अधिक सहिया और सहायिकाएं लगभग 60 हजार से अधिक हैं। गिरीडीह विधायक सुदीप कुमार के आश्वासन के बाद रैली को खत्म किया गया। विधायक ने 27 सितंबर को होने वाली कैबिनेट में लाने का आश्वासन दिया।

### हाई कोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 30 सितंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। दरअसलल देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने के मामले में शिवदत्त शर्मा ने निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है।

# हाई कोर्ट का आदेश, विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले की सीबीआई करेगी जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका पर सोमवार को फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने इस केस को सीबीआई को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई को देने को लेकर उचित केस है।

पूर्व में कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनवाई पूरी होने के बाद मामलों में अदालत ने 20 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार द्वारा मामले में शपथ पत्र के माध्यम से दायर किए गए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट की कई बिंदुओं पर याचिकाकर्ता ने कोर्ट का ध्यान आकृष्ट कराया था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कानूनी रूप से रिपोर्ट नहीं मानी जाएगी। रिपोर्ट को सरकार के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था लेकिन इसे सीधे राज्यपाल को दे दिया गया। राज्यपाल ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट सरकार को नहीं दी, जिससे विधानसभा के सदन के पटल छह माह के भीतर एक्शन रिपोर्ट के बाद इसे नहीं रखा जा सका। जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मैं कई त्रुटियां भी थी एवं उस कमीशन की कई अनुशंसा भी अस्पष्ट थी। इन त्रुटियों को देखने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की एक कमीशन बनानी पड़ी।

जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उसे विधानसभा के सदन पटेल पर रखा जा चुका है। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट ही फाइनल रिपोर्ट है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान स्पीकर विधानसभा कमेटी के सदस्य थे। इस कमेटी ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले की जांच का रिपोर्ट दिया था की कार्रवाई होनी चाहिए थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें केवल जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट ही दी गई थी। रिपोर्ट के साथ कोई दस्तावेज (एनेक्सचर) नहीं दी गई थी।

पूर्व में ही सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी थी। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

## कोर्ट ने राज्य सरकार को फ्रॉड कहा, वैसे भी झूठ बोलने का है पुराना रिकॉर्ड : प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा, उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के साथ फ्रॉड किया। यह टिप्पणी उच्च न्यायालय ने इंटरनेट सेवा को परीक्षा के दौरान सस्पेंड करने के मामले में दिया है।

प्रतुल ने लिखा है कि उच्च न्यायालय ने आदेश के पैराग्राफ नौ में कहा कि राज्य सरकार ने कहा था कि सिर्फ मोबाइल की इंटरनेट सेवा बाधित होगी। बाकी ब्रॉडबैंड समेत तमाम सेवाएं चलती रहेंगी लेकिन राज सरकार ने फ्रॉड करते हुए सारी सेवाओं को बंद कर दिया। वैसे उच्च न्यायालय में झूठ बोलने का राज्य सरकार का पुराना ट्रैक रिकार्ड रहा है। संताल के छह जिलों के उपायुक्तो ने तो नए शपथ पत्र पर कहा था कि उनके जिलों में बांग्लादेश का कोई घुसपैठिया नहीं है। शर्म करो सरकार। उल्लेखनीय है कि सीजीएल परीक्षा के दौरान नेटबंदी को लेकर कोर्ट ने सख्त रवैया अख्तियार करते हुए सरकार को फटकार लगायी है। कोर्ट ने रविवार को ही आकस्मिक रूप से मामले पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति आनंदी सेन और एआर चौधरी की खंडपीठ ने राज्य सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी इंटरनेट सेवा बाधित किया जाना है, तो उससे पहले उच्च न्यायालय का आदेश लिया जाना जरूरी होगा। भविष्य में इस बात का ध्यान रखे और परीक्षा के लिए इंटरनेट सेवा बाधित किया जाना कहीं से उचित नहीं है। अदालत ने आज राज्य सरकार के गृह सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साथ ही वो फाइल जमा कराने का निर्देश दिया गया था, जिसमें इंटरनेट सेवा को बाधित किए जाने का आदेश जारी किया गया था।

## संतान के दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत कल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : संतान की दीघार्यु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। यह व्रत हर वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। सनातन संस्कृति में संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए जितिया व्रत की पुरातन परंपरा रही है।

बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रचलित इस जितिया पर्व में माताएं पूरी एक तिथि निर्जला उपवास रखकर जीमूतवाहन की आराधना करती है। इस व्रत की शुरूआत एक खास और अनोखी परंपरा से होती है, जो व्रत से एक दिन पहले निभाई जाती है। मंगलवार को निर्जला व्रत शुरू करने से पहले सोमवार को महिलाओं ने परंपरागत मान्यताओं के अनुसार मड़ुआ की रोटी और मछली का सेवन किया। हर व्रती को माछ-मड़ुआ उपलब्ध हो, इसलिए यह मान्यता है कि जो जितना बांटता है, उसके संतान की आयु में उतनी बढ़ोतरी होती है। मंगलवार सुबह सूर्योदय से पूर्व महिलाएं ओठगन (अल्पाहार) करके निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगी।

इस संबंध में पंडित राजदेव पाण्डेय बताते हैं कि पुराने जमाने में खाने की इतनी वैरायटी नहीं होती थी। मड़ुआ की खेती बड़े पैमाने पर होती थी और बरसात के मौसम में मछली आसानी से मिल जाती थी। इसलिए यह व्रत इन पौराणिक मान्यताओं और उस समय की भोजन संबंधी परिस्थितियों से जुड़ा है। उनका कहना है कि हमारे हिंदू धर्म में व्रत से पूर्व संतुलित आहार को बहुत महत्व दिया गया है। जितिया व्रत से पूर्व महिलाओं के खानपान का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस संतुलित आहार के कारण लंबी अवधि तक शरीर को ऊर्जा मिलती है और गैस जैसी परेशानी से निजात मिलती है। मड़ुआ हर कोई भर पेट खा सकता है। मधुमह के मरीज भी यह भोजन ले सकते हैं। यही कारण रहा कि यह सबके लिए अनिवार्य किया गया है। वैसे वैष्णव संप्रदाय की महिलाएं आज के दिन मछली के बदले नौनी साग बनाती हैं।

24 सितंबर मंगलवार की शाम 6:07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5:05 मिनट तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती हैं। मिथिला पंचांग को मानने वाले 23 को माछ-मड़ुआ खाए। ओठगन तीन बजे सुबह कर लें। 24 सितंबर को व्रत करें और 25 को शाम 5:05 में पारण होगा।

## सीआईपीईटी के पहले बैच का हुआ सफल प्लेसमेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : एनटीपीसी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों के माध्यम से विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से क्रियान्वित कर रही है, जिनका उद्देश्य वंचित समुदायों को सशक्त बनाना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। इस संदर्भ में रांची में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अपने कोयला खनन परिचालन के आसपास के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से 80 युवाओं, जिनमें 25 लड़कियां भी शामिल हैं, के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रायोजित किया है। यह पहल सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), रांची के सहयोग से की गई है। सीआईपीईटी ने दो प्रमुख पाठ्यक्रमों में नौकरी-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया: मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रसंस्करण और मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग। हाल ही में मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रम का पहला बैच, जिसमें पकरी सहित विभिन्न एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के 40 छात्र शामिल हैं, का आयोजन किया गया। बरवाडीह, चट्टी बरियाद्ध, केरेन्डारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली के छात्रों ने सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जो 20 मार्च को शुरू हुआ और 19 सितंबर को नौकरी नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ।

समापन समारोह में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी और सीआईपीईटी, रांची के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख प्रवीण बच्छव ने छात्रों के साथ बातचीत की और एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के ग्रामीण छात्रों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण पत्र और नौकरी नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस मौके पर रजनीश रस्तोगी ने छात्रों को पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं । उन्होंने छात्रों की प्रतिभा को निखारने और विभिन्न कंपनियों में उनके प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करने के लिए सीआईपीईटी प्रबंधन की भी सराहना की।

## होमगार्ड में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और जवान पकड़े गए

रांची : झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और होमगार्ड का जवानों पकड़ा गया है। जिनमें अशोक टोप्पो और नौशाद कादरी शामिल है। इससे पहले झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में 20 सितंबर को दर्ज हुआ था। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद का नाम शामिल है।

# हाई कोर्ट में मंजूनाथ भजंत्री मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की अपील स्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश को लेकर मंजूनाथ भजंत्री की याचिका के आदेश को चुनौती देने वाली इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) की अपील (एलपीए) पर सोमवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने ईसीआई की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा ने पैरवी की थी। ईसीआई की दलील थी कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल( कैट) में होनी चाहिए थी लेकिन हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस मैटर को डब्लूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए सुनवाई के लिए सक्षम बेंच में ट्रांसफर किया था, जिसे ईसीआई ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील (एलपीए) दायर चुनौती दी थी।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने ईसीआई के इस दलील को नहीं माना था कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में होनी चाहिए। एकल पीठ ने कहा था कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस (डब्ल्यूपीएस) का नहीं है। क्योंकि, सर्विस मैटर में एंप्लॉय एवं एंपलॉयर का संबंध रहता है। यह मामला रिट पिटीशन सिविल (डब्लूपीसी) का है। इस मैटर को डब्ल्यूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाई कोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश एकल पीठ ने दिया था।

एकल पीठ के समक्ष ईसीआई की ओर से इसकी सुनवाई कैट में करने का आग्रह किया गया था। वहीं, याचिकाकर्ता मंजूनाथ की ओर से हाई कोर्ट की एकल पीठ के समक्ष कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई प्रोसीडिंग कभी शुरू ही नहीं हुई है। इसलिए इस मामले को कैट में ले जाना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से इस डब्ल्यूपीएस को डब्ल्यूपीसी में बदलने के लिए कोर्ट के समक्ष आवेदन दिया गया था।

एकल पीठ में सुनवाई के दौरान इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया था कि मंजूनाथ ने मधुपुर उपचुनाव के दौरान दुर्भावना व राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### गृहमंत्री शाह से आजसू नेता सुदेश महतो ने की मुलाकात



रांची : नई दिल्ली में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा भी उपस्थित रहें। यह जानकारी सोमवार को आजसू पार्टी क केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने दी।

### इंडी गठबंधन की एकता और मजबूती से भाजपा नेता भयभीत : राजद

रांची : राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इंडी गठबंधन की एकता और मजबूती से भाजपा नेता भयभीत है। भाजपा नेताओं को झारखंड में हार का डर सता रहा है। भाजपा को अपने किए गए कार्यों पर इतना ही भरोसा और विश्वास है तो झारखंड में भाजपा के राष्ट्रीय नेता रात दिन पसीना क्यों बहा रहे है सिर्फ इसलिए कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जरिये कई उल्लेखनीय कार्यों से भाजपा नेताओं की नींद उड़ गई है। इससे भाजपा को अपने झारखंड के नेताओं पर भी विश्वास और भरोसा नहीं रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री,गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सहित कई केंद्रीय नेता झारखंड भ्रमण पर है। उन्होंने सोमवार को कहा कि तमाम सरीखे नेता केंद्र सरकार के जरिये किए गए कार्यों को नहीं बता कर सिर्फ और सिर्फ झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री पर झूठा आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे है। देश के लिए और राज्य के लिए भाजपा सरकार जरिये क्या किया गया ,आम जनता के लिए इनका विजन क्या है ये बताना चाहिए । भाजपा के इरादे को जनता जान और समझ चुकी है।

### हाई कोर्ट में होमगार्ड एसोसिएशन के महासचिव को सेवा मुक्त करने के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड मुख्यालय द्वारा बिना कोई जांच-पड़ताल किए सेवा मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में हुई। इससे पहले भी राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड विभाग ने बिना कोई स्पष्टीकरण पूछे व बिना किसी जांच-पड़ताल किए एक तरफा कार्रवाई कर सेवामुक्त कर दिया था। इस सेवामुक्ति के खिलाफ भी राजीव तिवारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने राजीव कुमार तिवारी के विरुद्ध होमगार्ड मुख्यालय द्वारा पारित सेवामुक्ति संबंधित सभी आदेश को रद कर दिया था।

### चुनाव आयोग के टीम से मिले कांग्रेस नेता, नवंबर के बाद चुनाव कराने की मांग



रांची : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग के दल को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी मांगों एवं सुझावों से अवगत कराया। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि कांग्रेस की ओर से वरीय कांग्रेस नेता विनय सिन्हा 'दीपू' और शशिभूषण राय के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस का पक्ष रखा। शांति ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग के दल से झारखंड में समय पर चुनाव कराने तथा पूरे झारखंड में एक चरण में ही चुनाव संपन्न कराने सहित अन्य मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त हो रहा है तो समय पूर्व चुनाव कराने की कोई हड़बड़ी झारखंड में नहीं है। समय से पहले चुनाव कराने से विकास कार्य बाधित होंगे, चालू योजनाओं की गतिशीलता में कमी आएगी। लोकसभा चुनाव और मानसून के कारण इस वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों की रफ्तार ने अभी जोर पकड़ना प्रारंभ किया है। अगले अक्टूबर माह में झारखंड में दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ जैसे बड़े त्योहार के कारण भी सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों के सामंजस्यता में कमी आएगी। शांति ने कहा कि त्योहारों के कारण लोकतंत्र के महापर्व में जनभागीदारी कम होने की संभावना है। त्योहारों के कारण बड़ी संख्या में लोग राज्य के बाहर जाते हैं। राज्य स्थापना दिवस, त्यौहार, भगवान बिरसा मुंडा जयंती को ध्यान में रखकर चुनाव की तिथि नवंबर के बाद तय की जाए। आयोग की टीम से हरियाणा की तर्ज पर झारखंड में भी एक चरण में चुनाव संपन्न कराने की मांग की गई ताकि सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की मनसा रखने वाले अलग-अलग चरणों में संपन्न होने वाले चुनाव में धार्मिक तथा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का रास्ता ना अपना सके। चुनावों के दौरान सांप्रदायिक जहर उगलने वाले धार्मिक और जातिगत बयान देने वाले नेताओं पर गहरी नजर रखी जाए और उन्हें चुनावी प्रक्रिया से दूर रखा जाए। साथ ही चुनाव के दौरान उनके झारखंड प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। शांति ने कहा कि इसके अलावा कांग्रेस ने चुनाव आयोग से 1500 से ज्यादा मतदाता होने पर नये बूथ का निर्माण, मतदाताओं के मतदान के लिए निकटतम बूथ की व्यवस्था, मतगणना में तीव्रता और परिणाम की घोषणा मतदान के 10 मिनट के अंदर करने,सोशल मीडिया पर गहरी नजर रखने मॉक पोलिंग की निष्पक्षता,हेट स्पीच पर गहरी नजर एवं त्वरित कार्रवाई, 60 वर्ष से ज्यादा बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता सहित 26 मांगों एवं सुझावों से अवगत कराया गया।

### मुख्यमंत्री सूचना आयुक्तों का मनोनयन चुनाव पुर्व करें : विजय शंकर नायक

रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी, विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री को सोमवार को ईमेल भेजकर सीएम को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 4 वर्षो से अधिक दिनों तक सूचना आयुक्तों के मनोनयन नहीं होने से झारखण्ड में सूचना अधिकार कानून पूर्ण रूप से मृतप्राय हो गया है और राज्य के सभी विभागों के जन सूचना पदाधिकारी लोग आम जनता को सूचना नहीं देने का कार्य कर रहे है और सूचना आयोग भी ठप्प हो गया है। श्री नायक ने आगे कहा कि उसी तरह महिला आयोग में भी विगत 5 वर्षो से महिला आयोग के अध्यक्ष नहीं रहने के कारण राज्य के उत्पीड़ित, शोषित, हिंसा के शिकार हुई महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है जिस कारण महिलाओ में अत्याचार, व्याभिचार, शोषण उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसलिए राज्यहित में महिला आयोग में अध्यक्ष का मनोनयन आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है ताकि महिलाओं को न्याय मिल सके। श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि अनुसूचित जाति आयोग मे भी लगभग 5 वर्षो से अध्यक्ष का पद रिक्त रहने के कारण अनुसूचित जाति समाज के लोगो पर राज्य भर मे उत्पीड़िन, शोषण, जातिय हिंसा, छुआछूत के शिकार हुए इन वर्गो को न्याय नहीं मिल पा रहा है जिस कारण दलित वर्ग में अत्याचार, व्याभिचार, शोषण उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उसी तरह मानवाधिकार आयोग मे भी अध्यक्ष नही रहने के कारण मानवाधिकार कानूनो का घोर उल्लंघन हो रहा है इसलिए किन्तु परन्तु ना करते हुए ये राज्य के जनता से प्रत्यक्ष रुप से जुड़े आयोगो मे माननीय हेमंत सोरेन जी चुनाव आचार संहिता लागु होने से पूर्व इन आयोगो मे अध्यक्षो का मनोनयन कर दिया जाय।

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत



आर.के. सिन्हा

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है।

भारत अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े हुए सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देश भर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोज चार- पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसिन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि; युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।



दरअसल मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व होता है। यहां पर जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है मार्गदर्शन के लिए। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिल-जुलकर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना एक जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों का सेवा विस्तार करने से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है।

वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में, जब औसत उम्र कम थी, तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़कर 58 वर्ष हुई, और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष हुआ। 2017 में केंद्र सरकार के डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई थी, ताकि अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों को अधिक समय तक बनाए रखा जा सके। अब वक्त का तकाजा है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ाया जाए।

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है। उम्मीद करनी चाहिए कि इस लिहाज से सरकार जल्दी कोई फैसला लेगी।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# नेतृत्व में शामिल हम

अमेरिका के डेलावेयर में चल रही क्वाड़ नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत कर रहे हैं। क्वाड़ यानी चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। मोदी ने कहा, हम ऐसे समय बैठक कर रहे हैं, जब दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड़ का मिल कर साथ चलना, मानवता के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी कानून पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंड़ता के सम्मान और सभी मामलों के शांतिपूर्ण तरीकों से नतीजे निकालने का समर्थन करते हैं। इस दरम्यान वे अन्य विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर रहे हैं। इसके साथ ही न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी भाग लेंगे। क्वाड़ के गठन को भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के दबदबे को कम करने वाला संगठन माना जाता है। क्वाड़ जैसे समूह की जरूरत 2004 में आई सुनामी के बाद महसूस हुई थी। उस वक्त भारत ने अपने पड़ोसी मुल्कों की मदद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ मिलकर की थी। जापान के तबके प्रधानमंत्री शिंजो आबे को 2007 में इसकी नींव रखने का श्रेय दिया जाता है। क्वाड़ नेताओं के साझा बयान में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर चिंता जताई गई थी। हैरत की बात है कि इस पर चीन की तरफ से कोई प्रक्रिया नहीं आई। क्वाड़ नेताओं का मानना कि वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करेंगे। इसे समावेशी, कुशल, पारदर्शी, लोकतांत्रिक और जबावदेह बनाने की भी बात की जो स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में नजर आती है। आतंकवाद और हिंसा की आलोचना करते हुए इन नेताओं ने सीमापार आतंक और मुंबई-पठानकोट के आतंकी हमलों की निंदा भी की। इन देशों के साथ रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने और रक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा एवं अनुसंधान पर सहयोग की चर्चा भी शामिल है। स्पष्ट है कि अमेरिकी रणनीति पाकिस्तान को हाशिए पर करने की नजर आ रही है। चीन और रूस को वे चुनौती की तरह देख रहे हैं, ऐसे में भारत का महत्त्व बढ़ रहा है। भारत-अमेरिका के दरम्यान हो रहा कारोबार दो सौ बिलियन डॉलर तक पहुंचने वाला है। उम्मीद की जा सकती है कि रक्षा, तकनीकी और इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर आपदा राहत, साइबर सुरक्षा और टेलीकम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को उत्सुक मोदी की यह दुरदर्शिता जल्द ही नतीजों के रूप में सामने होगी।




## चिंतन-मनन

# वाणी का शरीर पर प्रभाव

-प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है । इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की मॉसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतःवाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।

# हमारी विनाश सामग्री हमारी ही जेब में ?



तनवीर जाफ़री

जब से मोबाईल फोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की खबरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफोन में विस्फोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निमार्ता कम्पनी मानी जाने वाली नोकिया को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने BL-5C मोबाइल फोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की खबरें आई थीं। केरल में त्रिशूर जिले के तिरुविल्वमला में ,राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फरुर्खाबाद में, आंधप्रदेश के प्रकाशम जिले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की खबरें आईं।

इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ़्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लॉचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांग लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59,900 रुपये था।

परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले दिनों इस्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पहले तो यह खबर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का जिम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले AR-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित BAC कंसल्टिंग KFT ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आखिर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया ?

पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फोट तक में इस्राईली खुफिया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फर्जी कंपनी से ये हैंडसेट खरीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी-टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफलता इस्राईल को तब मिली जब हिज्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। गौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज्बुल्लाह इस्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा ?

इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है ? याद कीजिये इस्राईली साइबर-आर्म्स कंपनी एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित पैगसेस जैसा खतरनाक स्पाइवेयर जिसे आईओएस और एंड्रॉइड चलाने वाले मोबाइल फोन पर गुप्त रूप से और दूर से इंस्टॉल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पैगसेस स्पाइवेयर ने कुछ समय पूर्व भारत में भी तहलका मचा दिया था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सायबर तकनीक व इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल करने वाले लोगों की जान,उनकी गोपनीयता यहाँ तक कि उनके व्यवसाय उनकी जमापूंजी सब कुछ खतरे में आ चुकी है ? इस बात की क्या गारंटी है कि इसी तकनीक का दुरूपयोग कर या हैकिंग के द्वारा भविष्य में इसका इस्तेमाल किसी विमान में या जलपोत में नहीं होगा ? आज जब लगभग पूरी दुनिया की लोकेशन सार्वजनिक हो चुकी है ऐसे में किसी के द्वारा किसी को भी निशाना बनाना असंभव नहीं रहा। मोसाद जैसी मानवता की दुश्मन कोई भी कपटी एजेंसी लेबनान में अपनाये गये तरीके से तो कहीं भी तबाही मचा सकती है। तो क्या आधुनिक विज्ञान के वर्तमान दौर में हम अपने विनाश की सामग्री अपनी ही जेब में लिये फिर रहे हैं ?




# पर्वः एक बार फिर वही रोना



डॉ. रमेश ठाकुर



श्राद्ध पक्ष चल रहा है। इन दिनों गुजरे लोगों को याद करना और उन्हें मनपसंद भोजन बना कर खिलाने की परंपरा निभाई जाती है। मान्यताओं के मुताबिक स्वर्गीय तक भाजन कौओं द्वारा पहुंचाया जाता है। श्राद्धों में कौए परलोकी लोगों के वाहक बनते हैं। पर, कौए इन्हीं दिनों में दूर-दूर तक कहीं नहीं दिखाई पड़ते। श्राद्ध का भोजन लेकर लोग उनके आगमन का लंबा इंतजार करते रहते हैं। लेकिन वो नहीं आते। हों तो ही आए न? हैं ही नहीं? जबकि श्राद्ध में भोजन उन्हीं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता है। जाहिर है जब कौए ही नहीं होंगे, तो श्राद्ध की मान्यताएं भला कैसी पूरी होंगी? हमेशा से होता आया है कि श्राद्ध में पितरों का भोजन जब तक कौए न खाएं, श्राद्ध की मान्यताएं पूरी नहीं होतीं। कौए आएंगे, खाना चुगेंगे और पितरों तक पहुंचाएंगे, लेकिन कौवे नहीं आते? ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कहीं-कहीं दिख जाते हैं, लेकिन शहरों से कौवे पूरी तरह से गायब हो चुके हैं।

प्राचीन परंपराओं के अनुसार श्राद्धों से कौवों का सीधा संबंध होता है। पौराणिक बातों में यह बात सिद्ध है कि श्राद्धों में जो व्यंजन बनते हैं, उन्हें पितरों तक कौए ही पहुंचाते हैं। श्राद्ध में लोग अपने पितरों को भोजन कराने के लिए घरों के छतों, खेतों, चौक-चौहराओं पर रखते हैं, और कौओं के आने का इंतजार करते हैं। श्राद्ध का खाना कौआ खा ले, तो समझा जाता है कि श्राद्ध की आस्था पूरी हुई। कौओं की संख्या लगातार कम होने से उनकी जबह अब गली-मौहल्ले के आवारा कुत्तेळ्ळ भेड़-बकरी आदि जानवर श्राद्धों के भोजन पर झपट्टा मारते देखे जाते हैं। कौए नहीं आते तो लोग मजबूरन इन्हीं को कौवो का प्रतिरूप मान कर मन को समझा लेते हैं क्योंकि इसके सिवा कोई विकल्प भी नहीं। दूषित पर्यावरण के चलते विलुप्त होती प्रजातियों में कौए भी शामिल हैं। एक वक्त था, जब घरों के आंगन और मुंडेरों पर कौओं की बहुतायत होती थी। उनकी मधुरई कांव-कांव की आवाजें सुनने को मिलती थीं।

दरअसल, कौए हमेशा से अन्य पक्षियों के मुकाबले तुच्छ माने गए हैं। कौए का शरीर औषधि के तौर पर भी प्रयुक्त किया जाता है। कौए छोटे-छोटे जीव एवं अनेक प्रकार की गंदगी खाकर भी अपना पेट भर लेते हैं। श्राद्ध पक्ष में इस दुर्लभ पक्षी की भक्ति और विनम्रता से यथाशक्ति भोजन कराने की बात विष्णु पुराण में भी कही गई है। श्राद्धों में कौओं को खाना और पीपल को पानी पिला कर पितरों को तृप्त किया जाता है।

कौओं के संबंध में एक और दिलचस्त बात प्रचलित है। किसी के आगमन की सूचना भी इनकी चहलकदमी से जोड़ी जाती रही है। वक्त वह भी था जब परिवार की महिलाएं शगुन मान कर कौवा को मामा कह कर घर में बुलाया करती थीं, तो कभी उसकी बदलती हुई दिशा में कांव-कांव करने को अपशकुन मानते हुए उड़ जा कहके बला टालती थीं। घर की बहुएं भी कौए के जरिए अपने मायके से किसी के आने का संदेश पाती थीं। कौओं की तरह अब कई और बेजुबान पक्षियों की आबादी घट गई है। इसके पीछे मानवीय हिमाकत प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। पक्षियों के रहने-खाने की सभी जगहों को नष्ट कर दिया गया है। उनके ठिकाने भी कच्चे घर हुआ करते थे, वे भी अब रौंद दिए गए हैं। पेड़ों पर भी इनका निवास होता था, वह भी लगातार काटे जा रहे हैं। समय ज्यादा दूर नहीं, जब श्राद्ध के अलावा किसी भी मौसम में कोई पक्षी नहीं दिखाई दिया करेगा। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के संरक्षक वैज्ञानिक केनेथ रोजेनबर्ग ने कहा भी है कि मोबाइल टावरों के रेडिएशन ने पक्षियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाई है विशेषकर कौए, तोते, गिद्ध, गोरिया जैसे अद्भुत पक्षियों को। समूची दुनिया में पक्षियों की आबादी लगभग एक तिहाई खत्म हो चुकी है। एक जमाना था, जब कहते थे कि किसी के माथे पर अचानक कोई कौआ आकर बैठ जाए तो अशुभ होता था। उस अशुभता को मिटाने के लिए अपने रिश्तेदारों में उस व्यक्ति के संबंध में मरने की झूठी खबर फैलाई जाती थी। फिर कुछ समय बाद उसी खबर को निराधार किया जाता था। कहा जाता था इस तरह से संभावित विपत्ति टल जाती है।

पहले देखने में आता था कि मरे हुए जानवरों को गिद्ध और कौए खा जाते थे, लेकिन अब उनके न होने से मृत जानवरों के शरीर सड़ते रहते हैं। दुगृध दूर-दूर तक फैली रहती है जिससे लोग संक्रमित भी हो जाते हैं। गंदगी को समेटने में गिद्धों, चीलों और कौओं का बड़ा योगदान होता था। कौए अब कितने बचे हैं, और कितने गायब हो गए हैं, इसका सटीक कारण किसी के पास नहीं है। पर्यावरणविद् के अलावा देश के अनगिनत पशु-पक्षी प्रेमी सालों से चिंता जता रहे हैं कि कौआ चील, गिद्ध, गौरैया, सारस के अलावा तमाम दुर्लभ किस्म के भारतीय पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। उसी का नतीजा है कि श्राद्धों में कौओं का इंतजार करना पड़ता है।

## एक नजर

### बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम शीघ्र करे प्रशासन : ओझा

**साहिबगंज:** साहेबगंज में गंगा में तेजी से पानी बढ़ने के कारण साहेबगंज सदर प्रखंड, उधवा और राजमहल के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया हैं, जिससे लोग बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने सोमवार को राज्य सरकार के गृह आपदा प्रबन्ध विभाग के प्रधान सचिव और साहेबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर शीघ्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने ने पत्र में लिखा कि साहेबगंज जिला के राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड साहिबगंज सदर, राजमहल और उधवा में बाढ़ राहत सामग्री पशु आहार सहित चिकित्सीय सुविधा नाव की उपलब्धता हेतु समुचित व्यवस्था कराने के लिए कहा। उन्होंने ने अपने पत्र में आगे लिखा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के साहेबगंज सदर, राजमहल एवं उधवा में आई बाढ़ से जनजीवन अत्यन्त परेशान है। उल्लेखनीय होगा कि उक्त तथ्यों पर ध्यान रखते हुए वर्तमान बाढ़ से स्थानीय आमजनसहित जानमाल की सुरक्षा हेतु विभिन्न स्तरों से सुरक्षा एवं संरक्षा हेतू समुचित व्यवस्था की जाय,ताकि आकस्मिक व आपदा की स्थिति से ससमय निपटा जा सके। साथ ही उक्त वर्णित बाढ़प्रभावित क्षेत्रों में आकस्मिकता की स्थिति में सुगम आवागमन व यातायात सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्थानीय हित में आग्रह होगा कि उक्त तथ्यों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए वर्तमानबाढ़ जैसे आपदा स्थिति से निपटने हेतू समुचित व्यवस्था करने हेतू शीघ्रतर कार्रवाई की जाय।

### बंद घर में अज्ञात चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

**साहिबगंज:** जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी थाना क्षेत्र के भगैया–उपरबंधा मुख्य सड़क के किनारे स्थित सतीश व मुकेश मार्बल दुकान के समीप छोटी मेहदी पोखर गांव के एक बंद घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, घर पिछले कई माह से बंद था। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर का दरबाजा तोड़कर घर में रखा लाखों का जेवरात सहित अन्य सामानों की चोरी कर लिया है। घटना का पता उस वक्त चला जब घर के स्वामी विजय भगत अरुणाचल प्रदेश से सोमवार सुबह घर पहुंचे तो उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा खोला तो घर के अंदर देखा घर का पूरा सामान और जेवरात रखा सभी डब्बा बिखरा पड़ा है। पीड़ित विजय भगत बेहद हताश हो गया और रोने लगा। इधर चोरी की सूचना पर आसपास के कई लोगों ने पहुंचकर घटनास्थल को देखा। हालांकि खबर लिखे जाने तक पीड़ित व्यक्ति ने थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया था। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी अनुमानित पांच लाख रुपये की आभूषण सहित कीमती सामानों की हुई है।

### नये अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने दिया योगदान

**सरायकेला :** चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में विकास कुमार राय ने सोमवार को अपना योगदान दिया। इसके पूर्व निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी से उन्होंने विधिवत कार्यभार लिया। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विकास कुमार राय इसके पूर्व चांडिल के भूमि सुधार उप समाहर्ता के पद पर पदस्थापित थे। वे चांडिल के 16वें अनुमंडल पदाधिकारी बने हैं। वर्ष 2003 में अस्तित्व में आए चांडिल अनुमंडल ने 21 वर्ष के दौरान 16 अनुमंडल पदाधिकारी देखा। योगदान देने के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी ने कर्मचारियों के साथ बैठक की और पारदर्शी तरीके से समय पर काम करने का निर्देश दिया।

# झारखंड में कमल खिलेगा और परिवर्तन आएगा : शिवराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार को कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पवित्र चित्रवेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। इसके बाद बहरागोड़ा के शाखा मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा में भाजपा के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राज्य में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और परिवर्तन आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह झामुमो नहीं, बल्कि जुर्म, मर्डर और माफिया की सरकार है, जिसे हेमंत सोरेन चला रहे हैं। शिवराज ने हेमंत सोरेन पर कटाक्ष करते हुए कहा, हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे लेकिन चार साल और 10 महीने बीत गए और कुछ नहीं किया। अब चुनाव के नजदीक आते ही दौड़ कराने लगे, जिसमें 15 नौजवानों की जान चली गई। चौहान ने कहा कि करीब 2.87 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां खाली हैं और भाजपा की सरकार बनते ही, पहली कैबिनेट बैठक में नौजवानों को रोजगार देने का फैसला लिया जाएगा।

**हेमंत आएगा, दाना डालेगा, एक हजार बांटेगा**

शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए और कहा, झारखंड में न बेटी, न माटी, न रोटी सुरक्षित है। सभा के दौरान कुछ महिलाओं ने मंच पर आकर उन्हें मिट्टी भेंट की, जिस पर चौहान ने वचन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर बेटी, माटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर विदेशी घुसपैठियों को शह देने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो इन्हें चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन ने चूल्हा खर्च के नाम पर 2,000 रुपये देने का वादा किया था, अब चुनाव के वक्त मंईयां सम्मान के नाम पर 1,000 रुपये देकर जनता को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमें इस जाल में नहीं फंसना है।

**राज्य में एनआरसी लागू होगा**

चौहान ने झारखंड के गरीबों के लिए पक्के मकान देने की बात की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार बनने पर हर गरीब का पक्का मकान बनाया जाएगा और मकान बनाने के लिए बालू मुफ्त में दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में एनआरसी लागू किया जाएगा और विदेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें। उन्होंने कहा कि आप हमें परिवर्तन दीजिए, हम आपको बेहतर झारखंड देंगे। कमल फूल पर बटन दबाकर इस सरकार को उखाड़ फेंकिए। हम झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदल देंगे।

**लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की सरकार : बाबूलाल**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पांचवी परिवर्तन यात्रा है जो यहां से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने झामुमो सरकार पर तीखे हमले करते हुए कहा, यह सरकार पिछले पांच वर्षों से झारखंड को लूट रही है। जमीनों का फजीर्वाड़ा और भ्रष्टाचार चरम पर है। हमें ऐसे लुटेरों को सत्ता से बाहर करना है। भाजपा ही झारखंड को बना सकती है और झारखंड भाजपा के दिलों में बसता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासी और राज्य के हितों के साथ धोखा कर रही है। अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर इस भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बेदखल करें।

## सुखराम हेम्ब्रम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के दर्जनों गांवों का स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सह समाज सेवी सुखराम हेम्ब्रम ने दौरा कर जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने सितू, लावा ,कुटाम,ऊपर कुटाम, तिरुलडीह ,चिपड़ी, धुंदाडीह, मुदिडीह टीकर महादेव बेड़ा, एवं विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मिले और लोगों से क्षेत्र के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। समाजसेवी, झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम ने ग्रामीणों से समस्याओं के संबंध में जानकारी लिया एवं एक मुहिम सुख, शांति, समृद्धि स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा,सेवा अभियान के संबंध में जानकारी दिया। लोगों की जनसमस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने हाथीयों का समस्या को देखते हुए टार्च, पटाखा का भी वितरण किया ।उन्होंने आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से विचार-विमर्श किया। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।मौके पर डोमन बास्के, मुखिया प्रतिनिधि दयाल सिंह मुंडा, छोटू उरांव, दुखु सिंह मुंडा, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, सुधीर गोप, बेनी माधव सिंह मुंडा, निशीकांत उरांव, जितेन्द्र सिंह मुंडा, प्रकाश माडी, गणेश प्रामाणिक, दिवाकर कैबर्त, महावीर सिंह मुंडा,रहिदास गोप, वैधनाथ उरांव, पुईतू उरांव, भगीरथ हांसदा एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने को लेकर एनजीटी में सुनवाई आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा झारखंड राज्य के एकमात्र जिला साहिबगंज से गुजरने वाली गंगा नदी को प्रदुषण से बचाने व जलीय जीव जंतुओं व संरक्षित डॉल्फिन मछली को बचाने व संवर्धन व संरक्षण को लेकर एनजीटी इस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए-162/23 की सुनवाई आज पीठ के जुडिशियल मेंबर जस्टिस बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा दिन के 10:30 से करेंगे। सुनवाई पुर्व एनजीटी द्वारा जिले के डीसी के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय कमिटी को जिले के सभी घाटों का निरक्षण कर शपथ पत्र के माध्यम से निरक्षण रिपोर्ट एनजीटी में दाखिल करना है। इस मामले के याचिकाकर्ता अरशद नसर सुनवाई में भाग लेने के लिए कोलकाता पहुँच गए हैं। बताते चले की जी.के. इंटरप्राइजेज मालदा व मां तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर द्वारा साहिबगंज जिले से बिहार के कटिहार जिले के मनिहारी में गंगा नदी से बड़े पैमाने पर स्टोन बोल्डर नियम विरूद्ध तरीके से भेजने को लेकर भारत सरकार, बिहार सरकार व झारखंड सरकार को प्रतिवादी बनाते हुए बीते वर्ष अरशद ने एनजीटी इस्टर्न जोन कोलकाता में याचिका दायर की थी जिसकी कई सुनवाई पुर्व में हो चुकी है। आज की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई है।

## डॉक्टर व दवा लेकर पहुंचे आजसू नेता हरेलाल महतो, डायरिया पीड़ितों का कराया उपचार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ :** डायरिया की चपेट में आने की खबर पाकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ईचागढ़ प्रखंड के देवलटाँड़ गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डायरिया पीड़ित मरीजों तथा उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। वहीं, हरेलाल महतो के साथ पहुंचे डॉक्टर पार्थो गोराई की टीम ने डायरिया पीड़ितों का उपचार किया व जरूरी दवा खाने को दिया। डॉक्टर पार्थो गोराई ने डायरिया पीड़ित मनीषा कुमारी, शकुंतला मुंडा, दुर्गा चरण महतो, संपत्ति देवी, हेमानी प्रमाणिक, मुकेश प्रमाणिक का स्वास्थ्य जांच किया। इसके साथ ही हरेलाल महतो ने ग्रामीणों के बीच ब्लीचिंग पाउडर वितरण किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने हरेलाल महतो को दुख जताते हुए बताया कि सुबह से शाम तक सरकारी एम्बुलेंस बुलाते रह गए लेकिन एम्बुलेंस नहीं आई। ग्रामीणों की समस्या जानने के बाद हरेलाल महतो ने अपना निजी एम्बुलेंस को देवलटाँड़ में ही रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक डायरिया का प्रकोप है, तब तक गांव में एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगा। हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा में कुव्यवस्था चरम पर है। सरकारी सिस्टम विफल हो चुकी हैं, जिसके कारण जनता को सुविधा नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आकर 35 साल से ईचागढ़ विधानसभा में राजनीति कर रहे लोगों ने जनता के बारे में नहीं सोचा। उनलोगों ने ईचागढ़ के जनता को केवल वोटबैंक समझ लिया है। हरेलाल महतो ने कहा कि हम राजनीति में सेवा करने के लिए आए हैं।

## विधायक ने किया दो सड़कों का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जाहेरडीह से छोटा आमड़ा तक 2.70 किमी सड़क का शीलान्यास सोमवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इसी क्रम में विधायक ने विधायक योजना से स्वीकृत गौरांगकोचा के काठघोड़ा में लाल मोहन उरांव के खेत के सामने घर के सामने आरसीसी पुलिया से बुढ़ा उरांव के खेत तक 5 सौ फिट पीसीसी व पातकुम के बाकोलतोड़ीया में 5 सौ फिट पीसीसी का भी उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा जाहेरडीह से छोटा आमड़ा तक 2.70 किमी सड़क 2 करोड़ 14 लाख रुपये कि लागत से निर्माण होगा। उन्होंने कहा काठधोड़ा में 7 लाख 24 हजार 5 सौ रुपये व बाकोलतोड़ीया में 10 लाख 20 हजार 7 सौ रुपये कि लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया। विधायक ने कहा ग्रामीणों के मांग पर गांव में पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा पीसीसी सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सहूलियत होगा। वही उन्होंने कहा कि जाहेरडीह से छोटा आमड़ा तक सड़क निर्माण का मांग ग्रामीणों का काफी पुराना था। लोगो के मांग पर अमल करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, पशुपति बागची, कनीय अभियंता दिनेश महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पौधे लगाएं और वातावरण को शुद्ध व हरा भरा बनाएं : डीएफओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पेड़ पौधा लगाए वातावरण को शुद्ध और पर्यावरण को हरा भरा बनाए उक्त बाते डीएफओ प्रबल गर्ग ने कही। गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज की ओर से सोमवार को भरतिया रोड़ स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में मध्य विद्यालय तालाब स्कूल और उत्क्रमित कन्या नगरपालिका विद्यालय के सैकड़ों बच्चो के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग ने स्कूली बच्चो को आम, कटहल, अमरूद, बेल, अनार, शरीफा का पौधा स्कूली बच्चो को दिया। वही डीएफओ ने स्कूली छात्रों से वार्ता किए। पेड़ पौधा से रिलेटेड कुछ सवाल किए, जिसका जवाब स्कूली बच्चो ने दिया। वही डीएफओ ने कहा कि बच्चे अपने जन्मदिन या किसी शुभ कार्य में एक फलदार पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करके बड़ा करे। जब वो फल देगा तो सभी परिवार के सदस्य उसे खाए। बेहद आनंद मिलेगा। एक पेड़ हमे मुफ्त में ऑक्सीजन, फल, पूजन के लिए पत्ते, जलावन की लकड़ी, शुद्ध स्वच्छ हवा, हरा भरा पर्यावरण, दवाई में उपयोग आने वाली सामग्री, घरेलू कार्य के लिए और पढ़ाई के लिए सामग्री देती है। अपने आस पास खाली जगह में पेड़ पौधा अवश्य लगाए। वही गंगा मिशन की ओर से डीएफओ प्रबल गर्ग व दोनो स्कूल के प्रधानाध्यापक को आम का पौधा देकर सम्मानित किया। वही नगरपालिका कन्या विद्यालय व मध्य विद्यालय तालाब के स्कूली छात्रों ने फलदार पौधा हाथो में लेकर जागरूकता रैली निकालकर शहरवासियों को पेड़ पौधा लगाने के लिए जागरूक किया। मौके पर तालझारी रेंजर पंचम दुबे, मंडरो रेंजर संजय कुमार, मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा रंजीत सिंह, जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन सह समाजसेवी चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सतीश सिन्हा, सुरेश निर्मल, निर्भय ओझा, आलोक भरतीया, सीए मनीष पोद्दार, राजेश गोगी, जगदीश नरसरिया, प्रमोद पांडे, रत्न अग्रवाल, बच्चन कुमार पाठक, नगरपालिका कन्या विद्यालय व मध्य विद्यालय तालाब के प्रधानाचार्य, शिक्षक व सैकड़ो छात्र छात्राए उपस्थित थे।


## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर हुई बैठक



**साहिबगंज:** जिला के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में 25 सितंबर, 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से समहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के आगमन हेतु कार्यक्रम एवं सुरक्षा संबंधि को लेकर विचार विमर्श जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ की।उपायुक्त ने सुरक्षा व विधि व्यवस्था, सेफ हाउस, पार्किंग , फोर्स डेप्लॉयमेंट, सड़क सैनिटाइजिंग, शिलान्यास, उद्घाटन, परिसंपत्तियों का वितरण एवं पूर्व में तैयारी के अनुरुप तैयारी सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद एवं जिला के वरिय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मछुआ सोसाइटी के लोगों ने अंचलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र



**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड अंतर्गत बोरियो बाजार के रहने वाले मछुआरा समाज के लोगों ने सोमवार को लिखित आवेदन पत्र बोरियो अंचलाधिकारी को सौंपा है। आवेदन में मांग किया गया है कि हाटपाड़ा में स्थित मछ्ली मंडी में नए सिरे से शेड और दुकानों का निर्माण कराया जाए। ताकि मछली पालन कर खरीद बिक्री करने वाले मछुवारों को अपना दूकान आवंटित हो सके। बता दें कि मछ्ली मंडी में शेड और दूकान निमार्ण के लिए रविवार को मछुवारा समाज ने बैठक आयोजित किया था। बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्रशासन से मांग किया जाएगा कि बोरियो हाटपाड़ा में मछली मंडी (बाजार) बनाया जाए। ताकि सभी मछुवारों को व्यवस्थित रूप से दूकान लगाने में सुविधा हो। बता दें कि मछुवारों ने आरोप लगाया था कि वर्तमान मछ्ली मंडी में एक ही मछुवारा परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न दुकानों में कब्जा कर लिया गया है। जिस कारण बाकी के मछुवारों को शेड के आस पास में दूकान लगाने नहीं दिया जाता है। ज्ञात हो कि मछली पालन और विक्रय मछुवारा समाज का पुस्तैनी पेशा है, मछ्ली बेचकर ही बोरियो के अधिकतर मछुवारा समुदाय अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन वर्तमान में जगह नहीं मिलने के कारण दुकानदारी नहीं हो पा रही है। इसलिए अब अंचलाधिकारी को आवेदन देकर गुहार लगाया गया है, कि जल्द से जल्द एक मछली मंडी बनाया जाए, जहां दुकान के लिए शेड आवंटित किया जाए। अभी जितने भी शेड हैं वो भी पुराने हो चूके हैं, जर्जर शेड कभी भी गिर सकती है। मौके पर पंकज केवट, पुरन केवट, राजू केवट, विष्णु केवट, सिकंदर केवट, श्याम सुन्दर केवट, रंजीत केवट, नीरज केवट, राहुल केवट, डूबा केवट, राजेश केवट, चानेसर केवट, लालन केवट, छत्तू केवट, सलेश की, चुन्नीलाल केवट, दीपक केवट सहित दो दर्जन से अधिक मछुआरा समाज के लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने सरकारी तालाब के पुनर्गठन को लेकर की बैठक



**साहिबगंज:** जिला के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के गोपलाडीह गांव में सोमवार को सरकारी तालाब को पुनर्गठन को लेकर ग्राम प्रधान निकोलस मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गांव के लोग उपस्थित हुए। इस दौरान गांव की ग्राम प्रधान निकोलस मुर्मू ने उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि गांव में स्थित सरकारी तालाब है जो ?मत्सय जीवी सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा तालाब संचालित को लेकर कमेटी का गठन कर दिया गया है। बिना ग्रामीण एवं प्रधान की जानकारी दिए तालाब संचालन को लेकर समिति का गठन कर लिया गया जो नियमों के विरुद्ध है। बिना ग्राम सभा के माध्यम से मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा समिति गठन करने का ग्रामीणों ने विरोध किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर समिति भंग करने की मांग एवं पुनर्गठन समिति बनाया जाए। मौके पर प्रधान टुडू, कहनू टुडू, बेटका मुर्मू, रामजीत किस्कू, चरण मुर्मू, मदन टुडू, विक्रम सोरेन, जीतन कुमार साह, अशोक साह, भरत साह, मंडल टुडू, नेपाल टुडू, अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### मासिक धर्म स्वच्छता अभियान के दौरान महिलाओं को किया गया जागरूक



**पटमदा:** मासिक धर्म स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद महिलाओं को जागरूक करते हुए जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा महिलाओं के बीच निशुल्क सेनेटरी पैड और अंडर गारमेंट का वितरण आयुष ग्राम पटमदा,माचा और लावा में किया गया।इस दौरान महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता और सुरक्षित रहने की सलाह दी गई।शिविर में डॉ राकेश कुमार पाल, डॉ रेखा दास, डॉ प्रदीप महतो,अंजनी महतो,विष्णु प्रिया महतो,सुमित्रा सिंह सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

एक नजर

## नए एसडीओ के रूप में सुलोचना मीना ने किया पदभार ग्रहण



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में नवपदस्थापित सुलोचना मीना ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने निवर्तमान एसडीओ अनुराग तिवारी से प्रभार ग्रहण किया। मौके पर परिस्थित एसडीओ सुलोचना मीना ने बताया कि वह जिले के गरीब परिवारों को सरकार की ओर से संचालित पेंशन सस्ती अनाज योजना का लाभ दिलाने के अलावा विधि व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बाद में कार्यालय के कर्मियों की ओर से निवर्तमान एसडीओ के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण ढंग से विदाई दी गई। मौके पर निवर्तमान एसडीओ अनुराग तिवारी ने जिले में अपने कार्यकाल को काफी संतोषप्रद बताया। साथ ही कर्मियों से मिले उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**खूंटी :** मुरहू पेट्रोल पंप के समीप रविवार शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल वृद्ध की देर रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरहू के गोड़ाटोली निवासी मंगरा नायक (60 ) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम मंगरा नायक जब सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में लिश और फरार हो गया। इस संबंध में मुरहू थानें में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार वाहन की तलाश में जुटी है। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## संदिग्ध हालत में कुएं में मिला मां-बेटी का शव

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दवार मंजुराहा पंचायत के दुअरा गांव के कानूपट्टी में रहने वाली गीता देवी (28) और उसकी बेटी पायल (2.5) की संदिग्ध हालात में कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतका का पति नागेंद्र साव काम के सिलसिले में बाहर रहता है जबकि उसकी पत्नी सास और गोतनी के साथ घर में रहती थी। घटना बीती रात की बताई जा रही है। महिला और उसकी नाबालिग बेटी दोनों ही मृत अवस्था में गांव के एक कुएं में पाई गईं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# जेएमएम ने झारखंड को लव जेहाद, लैंड जेहाद का नासूर दिया : अनुराग ठाकुर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर, हिमाचल से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सोमवार को झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के अन्तर्गत पलामू ज़िला के उटारी रोड व हुसैनाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित कर प्रदेश में भ्रष्टाचारी जेएमएमए- कांग्रेस- आरजेडी सरकार द्वारा झारखंड में लव जेहाद, लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर प्रदेश की जमीन और जनसंख्या के संतुलन को बदलने की बात कही है। साथ ही अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पूरा झारखंड परिवर्तन की माँग कर रहा है क्योंकि यहाँ जनकल्याण की बजाय जेहाद कल्याण का काम चल रहा है और भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की झारखंड की वर्तमान जेएमएमए- कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने पहले दिन से ही जनता के साथ विश्वासघात किया है। आज ये सरकार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की बदहाली और आदिवासी हितों की उपेक्षा का प्रतीक बन गयी है। आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लैंड जिहाद से जमीन और जनंसख्या का संतुलन बिगड़ रहा है मगर झारखंड सरकार को जनभावना से कोई सरोकार नहीं है। झारखंड के पूर्वात्तर राज्य में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी चेंज हो गया हैं। बंगलादेशी घुसपैठीयों संथाल परगना के पाकुड़, तारानगर, गोपीनाथपुर, गायबथान जैसे स्थानों पर तुष्टिकरण को साधते हुए आदिवासी बहनों को बहला फुसलाकर शादी कर शोषण किया जा रहा है, मगर हेमंत सोरेन सरकार आँखों पर पट्टी बांध कर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बन गई है। हेमंत सोरेन सरकार की नाकामियों के कारण बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासी अस्मिता को खतरा हो गया है। एक साजिश के तहत आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं और यहाँ की प्रदेश सरकार इस कुकृत्य पर कार्यवाई करने की बजाए इसे बढ़ावा दे रही है। आगे बोलते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा एक तरफ केंद्र सरकार जनता के विकास के लिए काम कर रहीवहीं जेएमएम ने 5 साल में जल, जंगल और जमीन सबमें भ्रष्टाचार किया है। हेमंत सरकार मे गरीबों के अनाज की लूट, खान खनिज की लूट, गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूट और आदिवासी अस्मिता की लूट की जा रही। हेमंत सरकार ने केवल खान, खनिज, जमीन आदिवासी अस्मिता को ही नहीं लूटा, बल्कि केंद्र सरकार की नल जल योजना सहित अन्य योजनाओं को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी। हाल ही में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी कर 350 करोड़ से अधिक नकद बरामदगी को पूरे देश ने देखा था। मुख्यमंत्री की करीबी एक अधिकारी के एक सीए के घर से ईडी ने 17 करोड़ रुपए बरामद किए, इनके मंत्री आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से ईडी ने 35 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए। चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया। 1000 करोड़ का खनन घोटाल किया, सेना की जमीन खा गए। इस सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। हेमंत सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार, मफि याराज, लूटतंत्र को पालने पोसने का काम किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे. लोगों को नौकरी मिली क्या.नौकरी देने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को दौड़ा रही है। ऐसा दौड़ा रहे हैं कि युवा दौड़ते-दौड़ते मर जाएं। झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं और तो और अब पेपर के नाम पर झारखंड को घंटों इंटरनेट की सुविधा से दूर रखा जाने लगा है। पैसे लेकर नौकरियां बांटी जा रहीं हैं। गरीब, युवा आदिवासी को नौकरी नहीं मिलती।

## जनता की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करूंगा : सांसद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी प्रखंड की डाडीगुटू पंचायत के दुली खेल मैदान में सोमवार को आदिवासी कांग्रेस का गांव की ओर एक कदम सह सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि जीत के बाद मैं आपके पास अपनों का प्यार पाने को उत्सुक होकर आने को मजबूर हो गया। उन्होंने स्वागत के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो को जिम्मेदारी दी गई कि जितने समस्याओं से संबंधित आवेदन हैं, वे ग्रामीणों से लेकर सांसद के आवासीय कार्यालय में जमा करे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण उन्होंने अध्कि समय ग्रामीणों को नहीं दे पाने पर खेद व्यक्त किया और वादा किया कि अगली बार वे गांव-गांव जाकर अपनों से मुलाकात करेंगे। उहोंने जनता का धन्यवाद भी किया कि आपकी मेहनत का रंग है जो मैं आज सांसद के रूप में आपके बीच हूं। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फुलचंद टुटी, रोबा गुड़िया आदि मौजूद थे।

## लक्ष्मी विमल स्मृति मासूम साहित्य श्री सम्मान से एमजे अजहर हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला प्रशासन पलामू के सहयोग से मासूम आर्ट ग्रुप ने पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में नाट्य महोत्सव सह प्रतियोगिता के मौके पर लोकप्रिय व चर्चित साहित्यकार एम.जे. अजहर को डॉ. लक्ष्मी विमल स्मृति में मासूम साहित्य श्री सम्मान- 2024 से सम्मानित किया। मौके पर उन्हें प्रथम मेयर अरुणा शंकर, प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र, के.डी. सिंह, अविनाश देव, युगल किशोर, विनोद कुमार पांडेय, मुनमुन चक्रवर्ती, सैकत चट्टोपाध्याय, शालिनी श्रीवास्तव, विमल किशोर सहाय, नवीन कुमार नवीन, सीमा सहाय, पंकज श्रीवास्तव सहित कई आगंतुकों ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, अंग वस्त्र, बुके आदि प्रदान किया। यह सम्मान एम. जे. अजहर को उनके साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया। मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चट्टोपाध्याय ने बताया कि एम.जे. अजहर पलामू साहित्य में गंगा- यमुना संस्कृति के संवाहक हैं। उन्हें यह सम्मान देकर मासूम आर्ट ग्रुप गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। हम अजहर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। एम.जे. अजहर ने कहा कि सम्मान पाने से उनका हौसला बढ़ा है और वह लिखते रहेंगे। सम्मानित होने पर साहित्य व शिक्षा जगत से एम.जे. अजहर को सैकड़ो लोगों ने बधाइयां दी हैं। बधाई देने वालों में परशुराम तिवारी, सुधीर दुबे, डॉ. तस्लीम आरिफ, डॉ. मोबीनुद्दीन कुरेशी, जावेद अहमद खां, फैयाज अहमद, मुजाहिद हुसैन, अरशद हुसैन कादरी, मो. यूनुस, सरोज कुमार आजाद, वंदना श्रीवास्तव, विजय प्रसाद शुक्ल, अदनान काशिफ मो. इस्तेखार, रजिया खातून, शिव शंकर प्रसाद, विद्यासागर शर्मा, अनुराग सिंह, मो. शमशाद अंसारी, संजीव तिवारी, गुलाम हैदर आदि के नाम प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं।

## श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के आयोजन को लेकर हुआ विमर्श

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** शहर के रेड़मा ठाकुरबाड़ी श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी ने की। मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के 17 वा आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में बताया गया कि 8 नवंबर को हनुमत पूजा के साथ भागवत कथा सप्ताह शुरू होगा। 09 नवंबर से उच्च कोटि के विद्वान प्रवक्ता के द्वारा भागवत कथा शुरू होगा। 15 नवंबर को इसका समापन किया जाएगा। बैठक में शामिल श्रद्धालुओं ने भागवत कथा को सफल बनाने का संकल्प लिया और कमेटी गठित किया। सर्वसम्मति से रेड़मा के प्रधान अजय कुमार तिवारी को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मालूम हो कि श्री तिवारी ने वर्ष 2008 में भागवत कथा सप्ताह शुरू कराया था और लगातार चार वर्षो तक अध्यक्ष के रूप में काम किया। इस बार उन्हें पांचवी बार अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय तिवारी को मुख्य संरक्षक, सुनील तिवारी, अजय तिवारी अकेला, ललन तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, बसंत तिवारी, युगल किशोर तिवारी संरक्षक बने। इसी तरह सत्येंद्र तिवारी उपाध्यक्ष, रवि सांगा सचिव, सोनू तिवारी, अजीत तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, सह सचिव, धनजू तिवारी, भानु पांडेय, मनोज तिवारी कोषाध्यक्ष, धनंजय पांडेय, कुणाल तिवारी, संदीप विश्वकर्मा संयुक्त सचिव, शशि तिवारी, वृजमोहन तिवारी अंकेक्षक, अखिलेश तिवारी, बंटी तिवारी, विकास तिवारी, पिंटू तिवारी, इसरार खां को प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी सौंपा गया। अध्यक्ष के द्वारा समिति के कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## युवा पीढ़ी मौज में मौत को गले न लगाए : अविनाश देव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चार दिनो के मूसलाधार बारिश में कोयल नदी की उफान मौत का सबब बन कर आया। बहुत दिनो के बाद कोयल की धारा देखने को मिला और शहरवासी को रोमांटिक किया। इस रोमांच में युवा कहां मानने वाले थे।कोयल की धारा के साथ सेल्फी तो बनता ही है,लाइट कैमरा और कोयल की धारा एक्सन में जब आया तो कोयल की विशाल प्रवाह कहा दया करने वाली थी दरिया में समाहित कर लिया। यह चूक का शिकार स्थानीय घासपट्टी निवासी सज्जन गुप्ता उर्फ बंटी गुप्ता के 11 वीं पढ़ने वाला बेटा सक्षम कुमार हो गया। चार दिनो के बाद सिंगरा के आसपास आज लाश मिला। पोस्टमार्टम घर गए देखे तत्परता के साथ लाश भेजे। यह घटना मर्माहत करने वाला है हर मां बाप को बुढ़ापे का लाठी छीनने वाला है इस पर युवा पीढ़ी को गहराई से सोचने की जरूरत है।

# लातेहार में लॉरेंस बिश्नोई का शूटर समेत चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के शूटर समेत चार अपराधियों को जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में शूटर अश्विनी कुमार सिंह और प्रिंस कुमार कुरुक्षेत्र हरियाणा के रहने वाले हैं। जबकि उनके साथ गिरफ्तार दो अन्य अपराधी उमेश कुमार सिंह और सर्विस कुमार यादव लातेहार जिले के चंदवा का रहने वाला है। इनके पास से पुलिस ने गांजा और अफीम भी बरामद किया है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के आसपास कुछ अपराधियों के द्वारा एक व्यवसायी की हत्या करने की योजना बनाई जा रही है। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाई गई और अपराधियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाई गई। पुलिस की टीम जैसे ही रामपुर चौक के पास पहुंचे तो वहां 8 की संख्या में संदिग्ध युवक खड़े थे। पुलिस को देखते ही सभी लोग भागने लगे। भाग रहे अपराधियों में चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने बताया कि स्थानीय अपराधी राहुल सिंह के बुलाने पर हरियाणा के शूटर अश्विनी कुमार और प्रिंस कुमार लातेहार के चंदवा आए थे। इधर पूछताछ में गिरफ्तार शूटर अश्विनी कुमार ने पुलिस को बताया कि उन लोगों को एक व्यवसायी पर गोली चलाने के लिए बुलाया गया था। वे लोग पहले भी जेल जा चुके हैं। इसी को लेकर वे लोग योजना बना रहे थे। इधर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस को लगभग 25 ग्राम अफीम और ढाई किलो गांजा भी बरामद हुआ है। पुलिस फरार हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।


संक्षिप्त खबरें

## समारोह पूर्वक हुआ हिंदी सप्ताह का समापन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** हिन्दी साहित्य भारती, पलामू द्वारा बुनियादी विद्यालय, सतबरवा के प्रांगण में हिन्दी सप्ताह का समापन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य बलराम पाठक ने की जबकि संचालन प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार ने किया। समारोह में उपस्थित जिला संगठन मंत्री नीरज कुमार पाठक ने सर्वसम्मति से पलामू जिला इकाई का विस्तार करते हुए कवि रविशंकर पांडेय को जिला उपाध्यक्ष एवं प्रेम प्रकाश दुबे को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की। साथ ही हिन्दी साहित्य भारती की सतबरवा प्रखण्ड इकाई का भी गठन किया गया जिसमें रामस्वरूप पाठक,राजेन्द्र साहू एवं मृत्युंजय पाठक को प्रखण्ड मार्गदर्शक, रामकिशोर पांडेय को प्रखण्ड अध्यक्ष, सुनील कुमार विश्वकर्मा उर्फ गाँधी जी को प्रखण्ड महामंत्री, यशवंत पाठक को उपाध्यक्ष, विनय कुमार को संगठन मंत्री और वीरेंद्र कुमार साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। समारोह में जिलामार्गदर्शक उमेश कुमार पाठक 'रेणु' व रमेश कुमार सिंह, जिलाउपाध्यक्ष अनुपमा तिवारी व रीना प्रेम दुबे, जिला कोषाध्यक्ष आचार्य धनन्जय पाठक, जिला संयुक्त सचिव मनीष मिश्र नंदन व प्रवीणचंद्र मिश्र, संतोष सागर, शचि कुमारी, सोनी देवी, जितेन्द्र तिवारी सहित सभी उपस्थित कवि एवं कवयित्रियों ने अपनी रचना प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। समारोह में हेमन्त कुमार पाठक, सुभाष कुमार भगत, राजीव रंजन पांडेय, अजय कुमार पाठक सहित कई साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। अध्यक्षता कर रहे बलराम पाठक ने सतबरवा में आयोजित इस समारोह की भूरी–भूरी प्रशंसा की। सभी प्रखंडों में साहित्य गतिविधियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## दो नाट्य मंचन के साथ समाप्त हुई मासूम नाट्य महोत्सव



**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर स्थित स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में दो नाटकों के मंचन के साथ रविवार की शाम मासूम नाट्य महोत्सव संपन्न हुई। इसके साथ ही शनिवार को आयोजित अंतर विद्यालय नाट्य प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। बिहार व झारखंड के 20 कलाकार, साहित्यकार, संगीतकार व समाजसेवी को सम्मानित किया गया। मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, प्रो एससी मिश्रा, शिक्षाविद अविनाश देव, प्रदीप नारायण, साहित्यकार रवि शंकर पांडेय, डॉ एनसी अग्रवाल, समाजसेवी युगलकिशोर, वामपंथी नेता केडी सिंह, इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन, पूर्व बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय सहित कई गणमान्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया। महोत्सव के पहले दिन मंच पर जीवित हुए दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव के पहले दिन 21 सितम्बर को प्रयास रंगमंडल, पटना की टीम ने मिथिलेश सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित बहु चर्चित नाटक दशरथ मांझी प्रस्तुत किया। कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन और सशक्त निर्देशन से मंच पर दशरथ मांझी जीवित हो उठे। अपनी पत्नी की पीढ़ा से दुखी दशरथ माझी की पहाड़ काटने की जिद, हठ व प्रेम का सजीव चित्रण इस नाटक के माध्यम से किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

पी.आर.सं0–335977 (Minor Irrigation)24-25(D) के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं0–MID/GUMLA/$F_2$-28/2024-25 DT-18.09.2024 में निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E-Tender on website | 23.09.2024 at 2:00 PM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| Last Date for Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| Date of Opening Tender | 30.09.2024 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 336813 Minor Irrigation(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–53/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.09.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 3 Nos Barrack, Servant Quarter, Toilet, Santri Post, Boundary wall, Construction of 3 Nos Septic Tank, Furnishing work for Office and other work in Sales Tax Commissioner Residence Occupied by Sri Rameshwar Oraon (Minister of Jharkhand) at Deputy Para, Ranchi. | 4806600 | 96200 | 5000 | Two Month |
| 2 | Renovation of PA Flat No.-2/4 (Block No.-2) at Kanke Road, Ranchi. | 566250 | 11400 | 1250 | One Month |
| 3 | Renovation of B Type Quarter No.-55/124 at Doranda, Ranchi. | 398200 | 8000 | 750 | One Month |
| 4 | Renovation of Quarter No.-5 (One Unit) in JAC Hostel at Booty Road, Ranchi. | 408450 | 8200 | 750 | One Month |
| 5 | Renovation of Main Building, Boundary wall and Shed at Staff Quarter No.-7/19, Doranda, Ranchi | 1373500 | 27500 | 2500 | One Month |
| 6 | Renovation of Room No-228, 229, 233, 239, 240, 303 & 330 in Yojna Bhawan at Doranda, Ranchi | 777000 | 15600 | 1250 | One Month |
| 7 | Renovation of Quarter No.-B.C.D-41/51 at Harmu, Ranchi | 389050 | 7800 | 750 | One Month |
| 8 | Renovation of C type Quarter No.-210/33 Sachiwalay Colony at Hinoo Ranchi | 594100 | 11900 | 1250 | One Month |
| 9 | Renovation of "C" Type Qtr. No. 203 Block-A at Ratu Road, Ranchi | 530500 | 10700 | 1250 | One Month |
| 10 | Construction of Portico, Extension and Renovation of Outhouse, Santri Post, Rasing Boundary Wall With Gate and Pathway Work of Qtr. No. B 2 (New) (F Type, Secretary Residence) at New PHED Colony, Hinoo, Ranchi | 4616400 | 92400 | 5000 | Two Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1,राँची

PR 336695 Building(24-25).D



यह सच है कि खूबसूरती ईश्वर की देन है, पर उसे उभारना भी है एक कला। किस तरह का मेकअप आपको सूट करेगा, इसके लिए जरूरी है चेहरे के आकार को समझना

# अब मिनटों में करें मेकअप



फाउंडेशन आपकी स्किन टोन से एकदम मेल खाता हुआ होना चाहिए। अधिक गहरा या अधिक हलका आपके कॉम्प्लेक्शन को खराब कर सकता है। साथ ही अच्छी तरह ब्लेंड होना भी जरूरी है। चेहरे पर ग्लो लाने के लिए फाउंडेशन लगाने से पहले शिमर मॉयस्चराइजर लगाएं। या फिर थोड़ा सा शिमर पाउडर मॉयस्चराइजर में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर फाउंडेशन लगाएं।

**कंसीलर**- पर्याप्त नींद न ले पाने, धूम्रपान अधिक करने और एनीमिक होने के कारण आंखों के आसपास काले घेरे हो जाते हैं। इन्हें छिपाने के लिए कंसीलर का प्रयोग करें। यह चेहरे के किसी भी दोष को छिपाने में मदद करता है। अपनी अंगुली के पोर पर हलका सा कंसीलर लेकर चेहरे पर लगाएं। या फिर किसी मुलायम फ्लैट ब्रश पर लें और प्रभावित स्थान पर अच्छी तरह लगाएं।

अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो आपको लिक्विड कंसीलर इस्तेमाल करना चाहिए।

एक्ने और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए सॉलिड कंसीलर ठीक रहता है। अगर आप लिक्विड या क्रीम बेस्ड फाउंडेशन प्रयोग कर रही हैं तो फाउंडेशन के बाद कंसीलर लगाएं। क्रीम टू पाउडर फाउंडेशन लगाने पर कंसीलर पहले लगाएं। अपनी त्वचा के रंग से हलका शेड कभी न चुनें। ऐसा करने पर आपका रंग दबा हुआ लेगगा। इस बात का ध्यान रखें कि कंसीलर बहुत ज्यादा न लगाएं। आपको चेहरे पर हलका टिंट देना देना है न कि मास्क लगाना है। कंसीलर के बाद ट्रास्लूसेंट पाउडर से डस्टिंग करना न भूलें।

**ट्रिक्स** - कंसीलर या फाउंडेशन में येलो आईशैडो मिलाकर आंखों के काले घेरों को छिपाने के लिए इस्तेमाल करें। इसी तरह त्वचा की लकीरों को छिपाने के लिए अपने फाउंडेशन या कंसीलर में ब्ल्यू या ग्रीन आईशैडो मिलाएं। झाईयों को छिपाने के लिए पिंक आइशैडो कंसीलर से पहले लगाएं।

**कॉम्पेक्ट पाउडर** - चेहरे की जरूरत से अधिक चमक को कम करने के लिए लूज पाउडर का इस्तेमाल करें। ऐसा कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदें, जो त्वचा से मेल खाए और उसमें समा जाए। इसे बडे ब्रश से आहिस्ता से लगाएं।

**उपाय**- फाउंडेशन लगाने के बाद अपने चेहरे पर एक टिश्यू पेपर रखकर हलका सा दबाएं ताकि त्वचा का अतिरिक्त तेल या पसीना हट जाए। इसके बाद पाउडर लगाएं।

**आजमाएं- लोरियल आइडियल बैलेंस कॉम्पैक्ट**

**ब्लश** -यह आपके चेहरे के उभार को आकर्षक बनाने में मदद करता है। रात के मेकअप में खास तौर पर इसका प्रयोग जरूर करें। ब्लश लगाने के बाद अगर आपको मेकअप अधिक गहरा लगे तो टेंशन न लें। एक स्पॉन्ज से थपथपाकर कम कर दें।

**आजमाएं**- मेबलिन एक्सपर्ट वेयर ब्लश या मैक क्रीम ब्लश।

**होंठ** - लिप कलर हमेशा स्किन टोन, बाल और आखों केरंग से मेल खाना चाहिए। रात में ड्रामेटिक इफेक्ट देने के लिए गहरे लिप शेड्स का प्रयोग करें। जबकि दिन में टिंटेड या क्लियर लिप ग्लॉस इस्तेमाल करें।

**उपाय**- अपनी पसंद की लिपस्टिक शेड खुद बनाएं। लिपस्टिक के ऊपर स्पार्किलग आईशैडो लगाएं या फिर थोडी सी वैसलीन के साथ मनपसंद आइशैडो मिलाकर एक नया शेड बनाएं। अगर आपके पास लिपस्टिक को ढंग से लगाने का समय नहीं होता तो रात में सोने से पहले होंठों पर नैचरल शेड की लिपिस्टिक लगाएं। और सुबह चेहरा साफ करके लिप ग्लॉस लगाएं। जल्दी में कभी भी लिपलाइन न बनाएं। लिपलाइन बनाने से होंठ प्रॉमिनेंट नजर आते हैं, लेकिन जल्दीबाजी में सही शेप न बन पाने से होंठों का लुक खराब लगेगा।

**आजमाएं- रेवलॉन की रेड अर्थ, मेबलिन कॉपर शेड, लक्मे मेटैलिक शेड**

**आंखें** - आंखों में काजल पेंसिल से बीच से बाहरी कोनों तक एक लाइन खींचें। आइलाइनर आप जैसा चाहें लगा सकती हैं। मेकअप में आंखों का मेकअप सबसे महत्वपूर्ण होता है। आइलाइनर पतला और स्ट्रेट लाइन में लगाएं। समय कम हो तो सिर्फ ट्रासपेरेंट मस्कारा नीचे और ऊपर दोनों आईलैश पर लगाएं। दिन में हलका आई मेकअप करें, रात में थोड़ा गहरा। रात में ब्रो बोन में शिमरिंग हाइलाइटर लगाने से आखें बेहद खूबसूरत लगती हैं। आजकल मिनिमल लुक चलन में है। इसलिए मिनटों में मेकअप करना आसान हो गया है। अगर आपने आंखों पर खास ध्यान दिया है तो होंठों के लिए ग्लिटरी लिप ग्लॉस ही काफी है। अगर होंठों पर गहरा मेकअप किया है तो आखों में हलका काजल और मस्कारा ही लगाएं।

**उपाय**- आंखों को खूबसूरत दिखाने के लिए आइलाइनर से पतली लाइन खींचें, फिर आईशैडो के साथ ब्लेंड कर दें। लोअर आईलैशेज पर ब्राउन या गोल्डेन आई पेंसिल से हलकी रेखा जरूर खींचें।

**आजमाएं- मैक का फ्लूइड आइलाइनर, मेबलिन ट्रासपेरेंट मस्कारा या मैरी के का एक्स्ट्रा वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा**

**मस्कारा** - अपनी आइलैशेज के लिए परफेक्ट मस्कारा चुनें और उसे हमेशा अपने साथ रखें। चाहे आपको ग्लैमर लुक देना हो या गर्ल नेक्स्ट डोर लुक, मस्कारा हर लुक के लिए जरूरी है। अपने लिए मस्कारा चुनने से पहले कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें -

अगर आपकी आइलैशेज बहुत छोटी हैं तो लाइटनिंग मस्कारा चुनें। अगर आइलैशेज काफी पतली और हलकी हैं तो ऐसा मस्कारा चुनें जो उन्हें वॉल्यूम दे। यानी वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा। अगर आपकी आईलैशेज लंबी और घनी हैं तो आप किस्मत वाली हैं, लेकिन इन्हें और आकर्षक बनाने के लिए आपको कर्लिंग मस्कारा चुनना चाहिए।

**उपाय**- मस्कारा लगाने पर एक जगह जमा न हो जाए, इसके लिए पहला कोट पतला लगाएं। अगर फिर भी लैशेज पर मोटा-मोटा जम जाए तो आइलैशेज कोम्ब से आहिस्ता से कंघी करके लैशेज को अलग-अलग कर लें।

जब आप अपने लिए परफेक्ट मस्कारा चुन लें, फिर कलर्ड मस्कारा भी लगा सकती हैं। अपने कॉम्प्लेक्शन के मुताबिक कलर्ड मस्कारा भी आजमा सकती हैं। ब्लैक एंड ब्राउन मस्कारा हर अवसर के लिए मुफीद होता है और यह आपके परिधानों के साथ मेल भी खाता है।

**आजमाएं- मेबेलिन लैश स्टाइलिश मस्कारा लोरियल पेरिस वॉल्यूम शॉकिंग मस्कारा**

आप स्विमिंग की योजना बनाती हैं या खुशी के अवसर पर आपके आंसू निकल जाते हैं, आप जल्दी भावविभोर होकर रोने लगती हैं तो बेहतर होगा कि आप वॉटरप्रूफ मस्कारा लगाएं। यह तीन रंगों में आसानी से उपलब्ध है-ब्लैक, ब्राउन और ब्ल्यू।

आप चाहें तो कर्लर से आखें कर्ल भी कर सकती हैं।

टैटूज का मतलब अलग लोगों के लिये अलग होता है कुछ लोग अनूठेपन के स्टेटमेंट के लिये टैटू चुनते हैं जबकि कुछ लोगों के लिये टैटू या क्लॉन को सिम्बॉलाइज़ करता है।

# कितने प्रकार के टैटू



## एमेच्योर टैटूज

ये शुरूआती टैटूज हैं जो अपने नेचर में क्रूड होते हैं क्योंकि ये ऐसे व्यक्ति द्वारा बनाये जाते हैं जिसे स्पेशलाईज्ड एक्सपीरियंस नहीं होता। ये टैटूज एस्थेटिक नेचर के नहीं होते और अस्वच्छ दशाओं में डाईंग के लिये इस्तेमाल होने वाले असामान्य तत्वों द्वारा बनाये जाते हैं। इनसे इंफेक्शन का खतरा काफी अधिक होता है क्योंकि इन्हें बनाने वाले प्रोफेशनल नहीं होते।

## कल्चरल या धार्मिक टैटूज

कुछ एथनिक ग्रुप्स के टैटूज का छुपा हुआ अर्थ होता है। ये किसी नेटिव ग्रुप में रैंक और एचिवमेंट्स को सिम्बलाइज करते हैं। इनको बनाने की पारंपरिक विधियां काम में लाई जाती हैं।

## प्रोफेशनल टैटूज

ये टैटूज ऐसे लोगों द्वारा बनाये जाते हैं जिनको बनाने वाले प्रोफेशनल्स टैटूइंग में स्पेशलाइज्ड होते हैं। नीडिल्स वाली एक टैटू मशीन त्वचा को पंक्चर करती है और रंग को त्वचा लेयर के अंदर डालती है।

## कॉस्मेटिक टैटूज

टैटूज को मेकअप के रूप में बालों की इमिटेटिंग फीचर्स को उभारने में जैसे कि लिप्स (लिप लाइनर्स) या आखें (आईब्रोज, आई लाइनर) और यहा तक कि मोल्स के लिये भी किया जाता है। त्वचा के डिस्कलरेशन को टैटू बनवाकर छिपाया जा सकता है।

## मेडिकल टैटूज

ऐसा टैटू बनवाने वाले किसी इमर्जेन्सी के समय किसी खास मेडिकल कंडीशन या ब्लड ग्रुप की किस्म के संकेत के लिये इसे बनवाते हैं। ब्रेस्ट रिकास्ट्रक्शन के कुछ रूपों में टैटू का उपयोग एरोला बनाने के लिये किया जा सकता है।

## ट्रॉमाटिक टैटूज

ये टैटूज जानबूझकर नहीं बनवाये जाते बल्कि किसी एक्सीडेंट के दौरान शरीर में कोई बाहरी चीज धंस जाने से बनते हैं। उदाहरण के लिये पेंसिल अनायास चुभने पर त्वचा लेयर के नीचे ग्रेफाईट रह सकती है जो काले बिंदु के रूप में दिखती है।

# व्यक्तित्व में निखार लाएं मोती जैसे दांत



दांत खाना खाने के लिए तो जरूरी है ही, मोहक, प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। कुछ लोग यूं तो बहुत खूबसूरत होते हैं, लेकिन मुंह खोलते ही उनका आकर्षण खत्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ मनाली के साथ। उसके हाथ से मॉडलिंग का अवसर सिर्फ इसलिए छूट गया, क्योंकि उसके दांत छोटे-बड़े हैं और पीले भी पड़ गए हैं। ऐसा कुछ आपके साथ न हो, इसलिए शुरू से ही दांतों की उचित देखभाल जरूरी है।

जब बच्चों के दांत उग आएं, तभी से सुबह व रात में सोते समय ब्रश की आदत डाल देनी चाहिए। खाते समय भोजन के कण दांतों के बीच फंस जाते है, जो ब्रश करने से निकल जाते है। यदि इन्हे न निकाला जाए तो ये सड़ने लगते हैं, जिससे दांतों में सड़न और कैविटी पैदा हो जाती है। इस कारण दांतों में तेज दर्द हो सकता है व असमय दांत टूट सकते है। लोग सोचते है दूध केदांत तो टूट जाते है। इतनी देखभाल क्यों करे? दूध के सभी दांत एक साथ नहीं टूटते। एक-एककर टूटते जाते हैं और उनकी जगह नए दांत आते-जाते हैं। अगर कोई पुराना सड़ा हुआ हो तो वह नए दांत को भी सड़ा सकता है।

## जरूरी है दांतों की सफाई

बच्चों को टॉफियां खासतौर से पसंद होती है। ध्यान रखें कि कुछ भी मीठा खाने के बाद बच्चे कुल्ला जरूर करें। कुछ लोग समझते हैं कि टूथपेस्ट का अधिक इस्तेमाल करने से दांत ठीक से साफ होते है। ऐसा नहीं है, बल्कि अधिक टूथपेस्ट दांतों की ऊपरी सुरक्षा परत इनामेल को नुकसान पहुंचा सकता है। सामान्यतया ऐसे टूथपेस्ट का उपयोग करना चाहिए जिसमें फ्लोरीन हो। फ्लोरीन हड्डियों में पाया जाने वाला एक तत्व है। यह दांतों को मजबूत बनाता है। लेकिन ज्यादा फ्लोरीन भी दांतों को पीला और खराब कर सकता है। इस बीमारी को फ्लोरोसिस कहते है। जिस क्षेत्र के पानी में फ्लोरीन की मात्रा अधिक हो, वहां के लोगों को फ्लोरीन वाले टूथपेस्ट से बचना चाहिए।

## विटामिंस का करें भरपूर उपयोग

दांतों के साथ मसूड़ों की देखभाल भी जरूरी है। ब्रश के बाद मसूड़ों की उंगलियों से हलकी - हलकी मालिश करें। कुछ बीमारियों के बाद मसूड़े ढीले पड़ जाते हैं और दांत हिलने लगते है। कभी-कभी मसूड़ों में छाले भी पड़ जाते है। ऐसे में भोजन में नमक-मिर्च आदि का उपयोग कम करे, क्योंकि उनसे जलन होती है। साथ ही ध्यान रखना चाहिए कि दांतों पर कोई आघात न पहुंचे क्योंकि उस समय ये टूट सकते है। खाने में विटमिन बी कॉम्प्लेक्स व विटामिन सी का भरपूर प्रयोग करे और डॉक्टर की सलाह का पालन करे ताकि आपके मसूड़े जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। विटामिन सी आंवला, संतरा, मौसमी, टमाटर, साग-सब्जियों में मिलता है। इसका नियमित सेवन आपको स्कर्वी और पायरिया से दूर रखेगा। पायरिया मसूड़ों की बीमारी है जो एंट अमीबा जिंजिवेलिस नाम के कीटाणु से होती है। इसमें मुंह से दुर्गंध तथा मसूड़ों से खून आने की शिकायत होती है। पायरिया होने पर डॉक्टर के परामर्श का पालन करे। दवाओं के साथ-साथ हाइड्रोजन-पर-ऑक्साइड से कुल्ला करना भी लाभदायक हो सकता है।

## दूर करें कैविटी

दांत अगर सड़ जाएं और उसमें कैविटी बनने लगे तो कैविटी को भरवाया जा सकता है। इससे पहले दांत को अच्छी तरह से साफ व कीटाणुमुक्त करना पड़ता है। ताकि कैविटी भरने के बाद अंदर कोई कीटाणु न रह जाए और दांत को फिर से सड़ने से बचाया जा सके। ज्यादा सड़े या जड़ों से कमजोर दांतों को निकलवाकर उनकी जगह नकली दांत या नए दांतों का सेट लगवाया जा सकता है।

## दांतों का सौंदर्य बढ़ाएं

दांत पीले पड़ गए हों या दो दांतों के बीच अधिक दूरी हो, दांत छोटे-बड़े या बाहर की ओर निकले हों तो इससे भी चेहरे के सौंदर्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में डेंटिस्ट से अवश्य मिलें। डेंटिस्ट की सलाह पर पीले दांतों की सफाई करवाएं। बाहर की ओर निकले या दूरी वाले दांतों पर कुछ दिनों के लिए क्लिप लगवाएं। बड़े दांतों को घिसवा सकती है। छोटे दांतों में नीचे से दांतों जैसा दिखने वाला पदार्थ जोड़कर उन्हे समान आकार का बनवाया जा सकता है।

## आकर्षक मुस्कान के लिए

सौंदर्य विशेषज्ञा डॉ. ब्लॉसम कोचर के मुताबिक, आपके चेहरे की कंप्लीट स्माइल मेकओवर भी की जा सकती है। इसमें आपके चेहरे के आकार को देखकर ये आकलन किया जाता है कि इस पर कैसी मुस्कान और दांत अच्छे लगेंगे। फिर उसके अनुसार हम बेहतर मुस्कान का अभ्यास कराते है। स्माइल मेकओवर क्लासेस में हंसने के तरीके के साथ ही चेहरे के हाव-भाव के बारे में भी बताया जाता है। ताकि हंसते समय आपके चेहरे का प्रभाव दूसरे पर अच्छा हो।

चेहरे के आकार को देखकर हम यह अनुमान लगाने की कोशिश करते है कि आप पर कैसे दांत व कैसी मुस्कान अच्छी लगेगी। फिर असली दांतों का आकार बदला जाता है व जरूरत पड़ी तो नकली दांत लगा दिया जाता है। दांतों का पूरा सेटअप बदलने के साथ यह बताया जाता है कि आपके लिए किस तरह हंसना ठीक रहेगा। हालांकि यह मौके पर निर्भर करता है। यानी मनचाही मुस्कान जिसमें सब कुछ आकर्षक हो, वैसा हो, जैसा आप चाहे, हासिल की जा सकती है। एक प्यारी सी मुस्कान कई अनकही बातें कह जाती है और कई दिल जीत लेती है। आप इन बातों का ख्याल रख सकें तो चमचमाते दांत आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाएंगे और हर कोई कहेगा-स्माइल प्लीज।

# भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लाइर्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है। चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए।

अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है। गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं।

श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा। टीम को इसके लिए न्यूजीलैंड को एक बार फिर हराना होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।



# रोहित शर्मा के नाम हुआ ये खास रिकॉर्ड, विराट कोहली और सौरव गांगुली भी नहीं कर पाए ऐसा



**जॉर्जिया (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट को जीतकर भारत ने कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वहीं पिछले 12 सालों से घर पर सीरीज जीतने के सिलसिले को भी बरकरार रखा। इसी के साथ रोहित शर्मा के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जो आज तक कोई भारतीय नहीं कर पाया। विराट कोहली और सौरव गांगुली को अपनी कप्तानी के कार्यकाल में एक-एक बार ऐसा करने का मौका मिला था, मगर वह भी चूक गए थे।

चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बैटिंग करने का न्यौता दिया था। टीम इंडिया ने अश्विन के शतक के दम पर 387 रन बोर्ड पर लगाए थे। इसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 149 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में भारत को 227 रनों की बढ़त मिली और टीम इंडिया ने दूसरी पारी 287 रनों पर घोषित कर दी। भारत बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का टारगेट रखा था जिसके जवाब में मेहमान टीम 234 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने 280 रनों से इस मुकाबले को अपने नाम किया।

भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब घर पर खेलते हुए विपक्षी टीम ने टॉस जीता और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मैच जीता हो। इससे पहले 8 बार विपक्षी कप्तानों ने भारत को घर पर पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था लेकिन टीम एक बार भी जीत नहीं पाई।

भारत इस दौरान 2 बार हारा था, वहीं 6 मुकाबले ड्रॉ रहे थे। आखिरी बार 2017 में श्रीलंकाई कप्तान ने भारत को घर पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का न्योता दिया था। कोहली की कप्तानी में भारत ने वो मुकाबला ड्रॉ खेला था। वहीं, गांगुली की कप्तानी में 2001 में ऐसा हुआ था और उस दौरान टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी थी।

# स्टार शटलर पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश, रिटायमेंट नहीं बल्कि ये है भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का अगला लक्ष्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु पेरिस ओलंपिक में भले ही मेडल नहीं जीत पाई हों लेकिन उनका अगल लक्ष्य तय हो चुका है। दरअसल, सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। वहीं अब सिंधु को अपने नए कोच की तलाश है।

29 वर्षीय सिंधु लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक 33 की हो जाएंगी। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल जीतना आसान नहीं होता। सिंधु का अगल ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि, उनका अगल लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच तलाश रही है और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटने का फैसला भी किया है।

फिलहाल, पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्सप्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि, सिंधु ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम लौट आई हैं। अभी कोई कैंप नहीं चल रहे हैं इसलिए हैदराबाद में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह सीजन के शुरुआत अर्कटिक ओपन से करेंगी।

# चेन्नई टेस्ट : क्या है ब्लैक स्ट्रैप तकनीक, शाकिब अल हसन ने किया था उपयोग



**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** चेन्नई टेस्ट के दौरान बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को बल्लेबाजी करते समय अपनी गर्दन पर लिपटी ब्लैक स्ट्रैप को दांतों में दबाव हुए देखा गया। यह क्रीज पर रहते हुए सिर की सही स्थिति बनाए रखने के उनके प्रयास का हिस्सा था। शाकिब के गुरु मोहम्मद सलाहुद्दीन और बीसीबी के मुख्य चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी ने बताया कि गेंद खेलते समय अपने सिर को गिरने से बचाने के लिए शाकिब ने खुद ही यह तंत्र तैयार किया था। पहले उन्होंने इसी उद्देश्य के लिए नेक ब्रेस का उपयोग किया था।

शाकिब की सिर-स्थिति संबंधी समस्याएं पिछले साल निदान की गई आंख की बीमारी के कारण उत्पन्न हुई हैं। चेन्नई, लंदन, ढाका और सिंगापुर के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें सेंट्रल सीरस कोरियोरेटिनोपैथी (इट) है, एक ऐसी स्थिति जिसके कारण रेटिना के नीचे तरल पदार्थ जमा हो जाता है, जो दृष्टि को विकृत कर सकता है। उचित तकनीक बनाए रखते हुए गेंद पर अच्छी नजर बनाए रखने के लिए शाकिब ने अपने सिर की स्थिति को सही करने के लिए कई घंटे समर्पित किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शाकिब के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. चौधरी ने कहा कि वह इस स्ट्रैप के साथ आए हैं। यह पूरी तरह से उनका विचार है। यह हमसे नहीं आया है। वह बल्लेबाजी करते समय अपने सिर की स्थिति को बनाए रखने के तरीके पर काम कर रहे हैं। चेन्नई ने पुष्टि की कि उनकी आंख में सुधार हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वह पहले नेक ब्रेस के साथ इसे प्रबंधित करने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए यह स्ट्रैप चीज़ भी परीक्षण-और-त्रुटि चरण में है। उन्होंने इसे नेट्स में आजमाया है। उन्होंने इसके साथ बहुत सारी छाया (छाया बल्लेबाजी अभ्यास) की है भी।

बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच डेविड हेम्प ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे शाकिब पिछले कुछ महीनों में कई बार अभ्यास के दौरान इस्तेमाल कर रहे हैं। वह पट्टा का उपयोग करने में बहुत सहज हैं और उन्हें लगता है कि यह उनके सिर की स्थिति में सहायता करता है। मई में एक इंटरव्यू शूट के दौरान शाकिब को अक्सर अपने बैटिंग स्टांस का अभ्यास करते हुए देखा गया था। यह उनकी आंखों की स्थिति को देखते हुए सिर की इष्टतम स्थिति निर्धारित करने के उनके प्रयास का हिस्सा था।

शाकिब ने हाल ही में चेन्नई में अपने नेत्र विशेषज्ञ से सलाह ली, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनकी आंख की स्थिति में सुधार हो रहा है। सलाहुद्दीन ने कहा कि हम सभी की एक आंख प्रमुख होती है, इसलिए जब इससे उन्हें गेंद देखने में परेशानी हो रही है, तो यह समस्याग्रस्त हो सकता है। सलाहुद्दीन शाकिब को अपने सिर की स्थिति को सही करने के लिए रबर स्ट्रैप विधि का उपयोग करते हुए देखकर प्रसन्न हुआ। मुझे लगता है कि यह उसके लिए अच्छा है। मैंने उसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा। उसके मन में यह विचार आया, वह मुझे कल रात फोन पर बता रहा था। वह इसे अपनी गर्दन के चारों ओर बांधता है, और इसे काटने से अनुमति मिलती है उसे अपनी गर्दन और सिर को स्थिर रखना होगा, जब सिर और गर्दन हिलते हैं, तो आंखें भी हिलती हैं, जो एक बल्लेबाज के लिए आदर्श नहीं है। उन्होंने कहा कि यह उनकी निजी बात है। वह समझेंगे कि यह उनके लिए काम कर रहा है या नहीं। मुझे लगता है कि जब तक यह स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा नहीं करता, तब तक यह ठीक है। शाकिब की आंख की हालत के कारण वह इस साल बीपीएल और श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के सफेद गेंद वाले मैचों के दौरान कुछ मैचों से चूक गए थे।

# तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर करेगी आरसीबी !

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम नये रुप में नजर आ सकती है। आरसीबी से तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। ये तीन खिलाड़ी हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ऑलरांउडर कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल। इन तीनो का प्रदर्शन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल 2025 सत्र के लिए इस साल के अंत में नीलामी होगी। आरसीबी आज तक खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य नये खिलाड़ियों को शामिल करना रहेगा। ग्लेन मैक्सवेल - मैक्सवेल को पिछले सत्र में 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा गया था पर उन्होंने पूरे सत्र में केवल 52 रन ही बनाए थे। वहीं गेंदबाजी के दौरान केवल 6 विकेट लिए। वह अंतिम ग्यारह मे अपनी जगह बरकरार नहीं रख पाये। फॉफ डुप्लेसिस -टीम इस बार मेगा नीलामी से पहले डुप्लेसिस को भी बार कर सकती है। आरसीबी ने फाफ डुप्लेसिस को आईपीएल मेगा नीलामी में 7 करोड़ रुपये में शामिल किया था। उन्होंने पिछले सत्र में टीम की कप्तानी की थी। डुप्लेसिस अब 40 की उम्र के करीब पहुंच गये हैं और ऐसे में उनकी जगह भविष्य को देखते हुए किसी युवा को कप्तानी मिल सकती है।

# अश्विन ने वार्न के रिकार्ड की बराबरी की, दिग्गज खिलाड़ी के क्लब में जगह बनायी



चेन्नई। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए पहले टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी के साथ ही दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन ने इस मैच में शतक लगाने के साथ ही दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी के साथ ही उन्होंने 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने के वार्न के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन अब सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी गए हैं। इससे पहले पारी में शतक के साथ ही पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में पूर्व दिग्गज इयान बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस के अलावा वर्तमान में खेल रहे शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा हैं। अश्विन कहा, 'मैं जब भी चेन्नई में आकर खेलता हूं तो यहां मुझे बेहद अच्छा लगता है। मैंने यहां काफी क्रिकेट देखा और खेला है। मैंने पहले दिन अच्छी बल्लेबाजी की और इसके बाद दूसरी पारी में विकेट लिए यह एक विशेष अनुभव है। मैं गेंदबाज होने के कारण उसी तरह सोचता हूं पर बल्लेबाजी के दौरान उसपर ध्यान रखता हूं।

# जयसूर्या के 5 विकेट, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में हराया



**अनंतपुर (एजेंसी)।** गॉल -बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के दूसरी पारी में पांच विकेट और मैच में नौ विकेट की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका के 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 68 रन की दरकार थी जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष थे।

मेहमान टीम ने हालांकि 3.4 ओवर में चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट भी गंवा दिए और उसकी पारी 211 रन पर सिमट गई। कल के नाबाद बल्लेबाज रचिन रविंद्र (92) अपने स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़कर जयसूर्या की गेंद पर पगबाधा हो गए। रविंद्र ने 168 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। जयसूर्या ने अगले ओवर में विलियम ओरोर्के को खाता खोले बिना बोल्ड करके श्रीलंका को जीत दिलाई और टेस्ट क्रिकेट में आठवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए।

रविंद्र शतक से चूक गए लेकिन उनके 92 रन गॉल में न्यूजीलैंड की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने रोस टेलर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 86 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने गॉल में अपने पांचों टेस्ट गंवाए हैं और इस दौरान उसका कोई बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया। इस जीत से श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह भारत और ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। श्रृंखला की शुरुआत तीसरे स्थान पर करने वाला न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर खिसक गया है।

इससे पहले श्रीलंका के पहली पारी में 305 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 340 रन बनाए थे। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 309 रन का स्कोर खड़ा करके मेहमान टीम को 275 रन का लक्ष्य दिया। दो मैच की श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट बृहस्पतिवार से गॉल में ही खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 2009 से पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। तब से दोनों टीम के बीच छह श्रृंखलाएं हुई हैं जिसमें से न्यूजीलैंड ने चार जीती जबकि दो बराबरी पर छूटीं।

# शतरंज ओलंपियाड : हमें खिताब जीतना ही था : तानिया सचदेव



बुडापेस्ट। भारतीय महिला टीम की सीनियर खिलाड़ी तानिया सचदेव ने रविवार को 45वें शतरंज ओलपियाड में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा कि उन्हें खिताब हासिल करना ही था। तानिया सचदेव, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने कोच अभिजीत कुंटे के साथ मिलकर अंतिम दौर में अजरबेजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। सचदेव ने 'चेस डॉट कॉम' से कहा कि मैं अभी बहुत अभिभूत हूं। हमने ओपन वर्ग और महिला वर्ग में जो कुछ भी किया है, मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे लगता है कि यही वह क्षण था जिसके लिए हम बने थे।' भारतीय महिलाओं ने 2022 चरण में कांस्य पदक जीता था। ग्रैंडमास्टर वैशाली ने कहा, 'मुझे अब भी पिछला साल याद है, हम आखिरी दौर में हार गए थे। मैं कल रात उन चीजों के बारे में सोचकर सो नहीं पाई थी लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि हम एकजुट होकर खेले। फिडे इंटरनेशनल मास्टर और जीएम सचदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछली बार बहुत मुश्किल रहा था। मैं अब बहुत खुश हूं। जीएम हरिका ने कहा कि वह आखिरकार 20 साल बाद अपने सपने को पूरा करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा कि मैं 20 साल पहले 13 साल की उम्र में ओलंपियाड में पदक जीतने के सपने के साथ आई थी और आखिरकार आज यह पूरा हुआ। हरिका ने कहा कि इस टूर्नामेंट के दौरान मेरे लिए यह उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा और मुझे खुशी है कि लड़कियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। आखिरकार हम सभी एक टीम के रूप में आगे आए और हमने आखिरी गेम जीता। दिव्या देशमुख ने कहा कि टीम अपनी जीत के बाद लंच के लिए जाएगी जबकि आईएम और जीएम वंतिका अग्रवाल ने जीत हासिल करने पर राहत जताई।

# बासित अली ने भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की, अकरम-अख्तर-यूनिस से की इन तीनों की तुलना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी इकाई की विशेष प्रशंसा की और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखने की इच्छा जताई। भारत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच एक दिन से अधिक समय पहले ही जीत लिया। 280 रनों की आसान जीत स्टार-स्टडेड लाइन-अप में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के ऑलराउंड प्रदर्शन का मिश्रण थी।

पहली पारी में जसप्रीत बुमराह (4/50), मोहम्मद सिराज (2/30) और आकाश दीप (2/19) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को 149 रन पर ढेर कर दिया। बुमराह ने पहली पारी में नियंत्रण दिखाया और चार विकेट लिए। आकाश ने आकर्षक स्पेल में शुरुआत में ही बढ़त बना ली और सिराज ने परेशानी खड़ी करने के लिए अपनी निरंतरता पर भरोसा किया।

तेज गेंदबाजों से प्रभावित होकर बासित ने भारत की 'प्रभावशाली' गेंदबाजी की सराहना की और तेज गेंदबाजों की तुलना पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस से की। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'भारतीय गेंदबाजी इकाई इतनी प्रभावशाली है कि वे वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस जैसे तेज गेंदबाजों के बराबर हैं। अभी मोहम्मद शमी नहीं खेल रहे हैं।'

स्थापित मुख्य खिलाड़ी बल्लेबाजों को अपनी धुन पर नचा रहे हैं, वहीं उभरते युवा तेज गेंदबाज चमकने के मौके का चुपचाप इंतजार कर रहे हैं। 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एक और तेज गेंदबाज सामने आया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युवा तेज गेंदबाज ने



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और आईपीएल 2024 की सबसे तेज और टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद फेंकी।

# इस मैदान में कोई ऐसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है : यादगार प्रदर्शन पर बोले अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया और रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को 280 रनों से जीत दिलाई। पहली पारी में ऑलराउंडर ने घरेलू मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक लगाया और फिर 6-88 के आंकड़े के साथ भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त दिलाई। अश्विन की इस दोहरी उपलब्धि ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान दिलाया। हालांकि, अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपनी पत्नी प्रीति नारायणन, दो बेटियों और घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करने के लिए चेपक की 'ऊर्जा' को श्रेय दिया।

अश्विन ने बीसीसीआई टीवी पर प्रीति को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मुझे नहीं पता कि इस पर क्या प्रतिक्रिया दूं, क्योंकि पहले दिन कुछ ऐसा हुआ जो बहुत जल्दी हुआ। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं यहां बल्लेबाजी करने आऊंगा और शतक बनाऊंगा। मैंने काफी समय से बल्लेबाजी नहीं की थी। यह बहुत अच्छा लगता है। हर बार जब मैं यहां आता हूं तो यह खास लगता है। मुझे नहीं पता कि इस मैदान में कोई ऐसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।'

क्या आपको लगता है कि इस ऊर्जा (उनका जिक्र करते हुए) ने आपकी ऊर्जा में कुछ इजाफा किया है, अश्विन बेटी दिवस के अवसर पर बच्चों को क्या उपहार देंगे? क्रिकेटर ने जवाब दिया, 'मैं उन्हें वह गेंद दूंगा जिससे मैंने पांच विकेट लिए थे। प्रीति शिकायत करती रही कि मैंने उसे पहले दिन नहीं देखा। अश्विन ने कहा, 'मैंने नहीं देखा। मेरे लिए जब मैं खेल रहा होता हूं तो परिवार का ख्याल रखना बहुत मुश्किल होता है। खेल के बीच में मैं सचेत प्रयास करता हूं क्योंकि बच्चे हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'तुमने नमस्ते क्यों नहीं कहा।'

प्रीति ने कहा, 'मैं यहां बचाव करना चाहूंगी। मैं हमेशा नमस्ते नहीं कहती। जब आप 9 से 5 बजे तक सीट पर बैठते हैं और मैं देखती हूं कि राज मेरी तरफ हाथ हिला रहा है जैसे कि मैंने दो दिन बनाए हों। लेकिन बधाई। चेन्नई में दूसरा शतक और पांचवां विकेट। बच्चे यहां हैं, उन्होंने वाकई बहुत अच्छा समय बिताया। एक बेहतरीन रविवार की सुबह, मौसम भी बढ़िया रहा।' अश्विन ने अपनी पत्नी के समर्थन और उनके लिए भाग्यशाली होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'वहां रहने और मुझे शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद।'



# इस बार ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना : ग्रीन

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही है। इसका कारण है कि टीम की तैयारियां अच्छी हैं। ग्रीन भी इसमें अपनी ओर से अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित हैं और अब उनका लक्ष्य इसी प्रकार का प्रदर्शन भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करना रहेगा। भारतीय टीम के हाथों पिछले एक दशक में उसे हर बार इस सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है।



ग्रीन ने कहा, 'मैं इस सीरीज में जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देना चाहता हूं। मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं। इस ऑलराउंडर ने कहा, 'मैं और मिचेल मार्श हमेशा इस बात को लेकर बात करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा। ऐसे में हम इन ओवरों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा, 'अभी मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छी स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में अपना योगदान दे सकता हूं। अभी मैं एक अदद ऑलराउंडर बनकर खुश हूं।

# केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं आतिशी, बोलीं- उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।




**केजरीवाल ने इस्तीफा देकर गरिमा की मिसाल कायम की**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का 'अपमान'' है। आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है। भाजपा ने उनकी छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा, केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दे दी और कहा कि उनकी गिरफ्तारी दुर्भावना से की गयी। कोई और होता तो एक पल भी नहीं सोचता और मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ जाता लेकिन उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी दिल्ली सचिवालय में प्रभार संभाला। मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल हुए मुकेश अहलावत ने भी दिल्ली सचिवालय में प्रभार संभाला। उनके पास श्रम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, रोजगार और भूमि व भवन विभाग हैं। आतिशी पर निशाना साधते हुए सचदेवा ने कहा कि उनका आचरण संवैधानिक नियमों और मुख्यमंत्री के पद का ''अपमान'' है। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (आतिशी) जो किया है वह आदर्श नहीं है। अपने आचरण से उन्होंने न केवल मुख्यमंत्री पद का अपमान किया बल्कि दिल्ली के लोगों की भावनाएं भी आहत की हैं। अरविंद केजरीवाल को जवाब देना चाहिए कि क्या वह रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाएंगे। आतिशी की अगुवाई वाले नए मंत्रिमंडल के सामने फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में शुरू की जाने वाली कई परियोजनाएं, योजनाएं तथा नयी पहलों की लंबी सूची है।

## फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री

एजेंसी

**मुम्बई :** डायरेक्टर किरण राव की 'लापाता लेडीज' ऑस्कर अवॉड्र्स की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 29 फिल्मों में से 'लापता लेडीज' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। किरण राव की 'लापता लेडीज' इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों ने भी सराहा था। मजेदार कॉमेडी के साथ समाज में महिलाओं की अस्मिता पर सवाल उठाने वाली यह फिल्म साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म देखने के बाद कई लोगों ने सोशल मीडिया पर कहा था कि भारत को फिल्म 'लापता लेडीज' को इस साल ऑस्कर में भेजना चाहिए। अब दर्शकों की ये मांग आखिरकार पूरी हो गई है। इस साल की स्लीपर हिट्स में से एक 'लापता लेडीज' ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि होगी। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया कमेटी ने 29 फिल्मों की सूची में से 'लापता लेडीज' को ऑस्कर 2025 के लिए



आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना है। लापता लेडीज ने हिट हिंदी फिल्म 'एनिमल' एवं मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'अट्टम' को पछाड़कर ऑस्कर की रेस में जगह बनाई है। फिल्म 'लापता लेडीज' की पिछले साल टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में पहली स्क्रीनिंग हुई थी, जहां इसे काफी सराहना मिली थी। किरण राव की यह फिल्म मार्च 2024 में सीमित स्क्रीन पर रिलीज हुई थी और दर्शकों ने इसे खूब सराहा था। 5 करोड़ से भी कम बजट में बनी इस फिल्म ने दुनिया भर में 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। इस बेहतरीन फिल्म के लिए एक्टर नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन की भी खूब तारीफ हुई है।

## सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं : अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ में सुल्तानपुर में सररफ लूट कांड में एक लाख रुपये की इनामी राशि वाले आरोपी को ढेर कर दिया। इसे लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा और रक्त से उप्र की छवि को धूमिल करना उप्र के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि आजके सत्ताधारी जानते हैं कि वो भविष्य में फिर कभी वापस नहीं चुने जाएंगे। इसलिए वो जाते-जाते उप्र में ऐसे हालत पैदा कर देना चाहते हैं कि उप्र में कोई प्रवेश-निवेश ही न करे। उप्र की



जागरूक जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसीका बदला ले रहे हैं। जिनका खुद का कोई भविष्य नहीं होता, वही भविष्य बिगाड़ते हैं। निंदनीय! आप को बता दें कि उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में एसटीएफ ने मुठभेड़ में सुल्तानपुर में सररफ लूट कांड में एक लाख रुपये के इनामी अनुज सिंह को ढेर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि आज तड़के करीब चार बजे एसटीएफ लखनऊ की टीम के साथ सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स की दुकान में लूट के आरोपियों के साथ अचलगंज क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है जबकि दूसरा मौके से भाग निकलने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की शिनाख्त अनुज प्रताप सिंह निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के रूप में की गई है। यह बदमाश एक लाख का इनामी था, जिसे घायलावस्था में 108 एंबुलेंस से पहले स्थानीय अस्पताल और फिर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया था। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचलगंज पुलिस और फील्ड यूनिट द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की तलाश में लगी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि अचलगंज थाना क्षेत्र में आरोपी छिपा हुआ है। जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी करी गई।

## नाविका सागर परिक्रमा के लिए 2 अक्टूबर को गोवा से रवाना होंगी दो महिला अधिकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नाविका सागर परिक्रमा अभियान के दूसरे संस्करण के साथ दुनिया भर में भ्रमण के असाधारण मिशन पर निकलने के लिए भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। नौकायन पोत तारिणी से नौसेना की दो साहसी महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए 2 अक्टूबर को इस चुनौतीपूर्ण अभियान पर गोवा से रवाना होंगी। आठ महीने की अवधि में दोनों महिलाएं बिना किसी बाहरी सहायता के केवल पवन ऊर्जा पर निर्भर करते हुए 21,600 समुद्री मील की यात्रा करेंगी। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने सोमवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा को गोवा के नौसेना महासागर नौकायन नोड, आईएनएस मंडोवी से रवाना किया जाएगा। आठ माह के दौरान दोनों महिला अधिकारी मानव सहनशक्ति की सीमाओं को लांघते हुए उच्च समुद्र, चरम मौसम की स्थिति की कठोरता का सामना करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की परिकल्पना भारतीय नौसेना ने 2017 में नाविका सागर परिक्रमा के साथ की थी, जिसमें पहली बार छह अधिकारियों ने दुनिया की परिक्रमा थी। उन्होंने बताया कि इसी अभियान का यह दूसरा संस्करण असाधारण होगा, क्योंकि इस नाविका सागर परिक्रमा अभियान के दूसरे संस्करण में सिर्फ दो महिलाओं लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए को शामिल किया गया है। इससे पहले कैप्टन दिलीप डोंडे 2009-10 में दुनिया की परिक्रमा करने वाले पहले भारतीय थे। इसके बाद कमांडर अभिलाष टॉमी दो परिक्रमाओं में भाग लेने वाले पहले एशियाई कप्तान बने और 2022 में गोल्डन ग्लोब रेस को पूरा करने की उपलब्धि हासिल की। कमांडर अभिलाष टॉमी इन दोनों महिला अधिकारियों के आधिकारिक संरक्षक के रूप में प्रशिक्षण से जुड़े रहे हैं।

## आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरक्षण पर उनके बयान को लेकर हो रही अलोचनाओं के बीच आज कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले- हम आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में अमेरिका में आरक्षण पर एक बयान दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार इसे मुद्दा बना रही है और कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बता रही है। आज 'एक्स' पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे। विस्तृत जातिगत जनगणना और आरक्षण पर लगी



50 प्रतिशत की सीमा हटाकर हर वर्ग को उनका हक, हिस्सेदारी और न्याय मिलने तक हम रुकेंगे नहीं। जाति जनगणना भविष्य का आधार है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'जाति जनगणना' बोलने तक से डरते हैं। वे नहीं चाहते हैं कि बहुजनों को उनका हक मिले। मेरे लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बहुजनों को न्याय दिलाना ही मेरे जीवन का मिशन है।

# पाकिस्तान में 12 देशों के राजदूतों के काफिले पर आतंकी हमला, वैन को रिमोट कंट्रोल बम से उड़ाया गया

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बेखौफ आतंकवादियों ने रविवार को रूस समेत 12 देशों के राजदूतों के काफिले को निशाना बनाया। दहशतगर्दों ने काफिले की एक पुलिस सुरक्षा वैन को रिमोट कंट्रोल बम से उड़ाने की कोशिश की। इस दौरान हुए धमाके में एक सिपाही की जान चली गई। पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को सैदु शरीफ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी विदेशी दूत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उन्हें खैबर पख्तूनख्वा के कड़ी सुरक्षा में इस्लामाबाद भेजा गया है। डॉन समाचार पत्र की खबर में



स्थानीय पुलिस और विदेश कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि 12 देशों के राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के साथ मलम जब्बा से इस्लामाबाद लौट रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा पुलिस वैन को निशाना बनाया गया। स्वात जिला पुलिस अधिकारी जाहिदुल्ला खान के अनुसार, इस वैन को विस्फोटक उपकरण से निशाना बनाया गया। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा है कि स्वात का दौरा करने वाले सभी राजनयिक हमले में सुरक्षित रहे और इस्लामाबाद लौट आए। पुलिस अधिकारी खान ने कहा कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के अस्पताल ले जाया गया। वहां उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। उसकी पहचान कांस्टेबल बुरहान के रूप में हुई है। घायलों में सब इंस्पेक्टर सर जमीन खान, कांस्टेबल मोहम्मद खान, हुसैन गुल, अमानुल्लाह और ड्राइवर रहमतुल्लाह शामिल हैं। विस्फोट के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी की और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि यह रिमोट कंट्रोल बम था या कोई समयबद्ध उपकरण। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने प्रांतीय पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है। जिला पुलिस अधिकारी खान ने बताया कि विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को इस्लामाबाद और स्वात चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने हस्तशिल्प और रत्नों सहित क्षेत्र के स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया था। प्रतिनिधिमंडल में इंडोनेशिया, पुर्तगाल, कजाकिस्तान, बोस्निया, हजेगोविना, जिम्बाब्वे, रवांडा, तुर्कमेनिस्तान, वियतनाम, ईरान, रूस और ताजिकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल थे। इस्लामाबाद में रूस के दूतावास ने एक बयान में कहा कि उनके राजदूत हमले में सुरक्षित रहे। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 22 सितंबर को राजदूत अल्बर्ट पी खोरेव ने कई अन्य राजदूतों के साथ इस्लामाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्वात पर्यटन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।

## एक नजर

### न्यूयॉर्क में ओली मिले भारत के प्रधानमंत्री मोदी से

**काठमांडू :** न्यूयॉर्क में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मुलाकात की है। यह मुलाकात भारतीय समयानुसार सुबह 4:15 से 4:45 तक हुई। प्रधानमंत्री ओली ने एक्स पोस्ट में सौहार्दपूर्ण वातावरण मे बहुत ही अच्छी मुलाकात होने की बात कही है। ओली के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से उनकी यह पहली मुलाकात है। इस मुलाकात के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री सहित विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मुलाकात पर नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से नेपाल भ्रमण पर आने का आग्रह किया। इसे मोदी ने ष स्वीकार करते हुए जल्द ही नेपाल भ्रमण पर आने का आश्वासन दिया है। राणा के मुताबिक दोनों शीर्ष नेताओं के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

### पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच नए मंत्रियों ने ली शपथ

**चंडीगढ़ :** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार की शाम चंडीगढ़ स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच विधायकों को कैबिनेट मंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले रविवार को बदले हुए राजनीतिक घटनाक्रम में पंजाब के चार मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे तुरंत प्रभाव से स्वीकार भी कर लिया गया। 117 विधायकों वाली पंजाब विधानसभा में अभी तक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत पहले 15 मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में कुल 18 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार को हुए विस्तार के साथ राज्य में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या 16 हो गई है। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में सबसे पहले लुधियाना जिले के साहनेवाल विधानसभा हलके से विधायक हरदीप सिंह मुंडिया को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई। इसके बाद लहरागागा विधानसभा हलके से पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल को हराने वाले लहरागागा से विधायक बरिंदर कुमार गोयल, खन्ना के विधायक तरनप्रीत सिंह सोंध, शाम चौरासी के विधायक डॉ. रवजोत सिंह तथा सबसे अंत में जालंधर पश्चिमी सीट से हाल ही में विधायक बने महिंद्र भगत को कैबिनेट मंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### कोलकाता के कवियों ने जम्मू में मचाई धूम

**कोलकाता :** श्री पं. प्रेम नाथ डोगरा राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सांबा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कवि सम्मेलन में कोलकाता के दो कवियों राम नाथ बेखबर और रणविजय श्रीवास्तव ने अपनी कविताओं से श्रोताओं के दिलों पर धूम मचा दी। कार्यक्रम का संचालन जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. विनय कुमार शुक्ल ने किया, जिन्होंने अपनी बेमिसाल प्रस्तुति से श्रोताओं को बांधे रखा। महाविद्यालय के प्रधानाचार्या ट्विंकल सूरी ने आमंत्रित कवियों का परिचय देते हुए हिंदी की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी जन-मनभाषा है और इसका महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। कार्यक्रम का संयोजन डोगरा राजकीय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष अनुपमा शर्मा ने किया। इस कवि सम्मेलन में अन्य विभागों के अध्यापकों के साथ सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में अवामी लीग के नेता की हत्या

**ढाका :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं की हो रही धरपकड़ के बीच एक ह्रदयविदारक घटना सामने आई है। देश के एक हिस्से में एक अवामी लीग के नेता की परिवार के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने रविवार देररात लक्ष्मीपुर सदर उपजिला के चंद्रगंज यूनियन के अंतर्गत पचपारा गांव में अवामी लीग नेता नूर आलम (60) के घर के पास उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। वह अवामी लीग की स्थानीय वार्ड इकाई का महासचिव और पेशे से दर्जी था। खबर में पीड़ित के बेटे आरिफ हुसैन के हवाले से कहा गया है कि उसके पिता घर पर थे। तभी किसी ने उनके मोबाइल फोन पर फोन करके चेतावनी दी कि लोग उन पर हमला करने आ रहे हैं। इसके बाद वह घर से बाहर भागे। तभी लाठी-डंडों से लैस 10-12 लोग धमके। हमलावरों ने पिता को दौड़ा-दौड़ा का पीटा। इसके बाद एक तालाब में फेंक दिया। कुछ देर बाद तालाब से निकालकर दोबारा पीटना शुरू कर दिया। आरिफ के अनुसार, इसके बाद हमलावर भाग गए। वह लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरिफ का दावा है हमलावरों में एक बीएनपी नेता भी शामिल है। चंद्रगंज थाना प्रभारी इमदादुल हक ने कहा कि पुलिस को घटनास्थल पर भेज दिया गया है और वह हत्या की जांच कर रहे हैं।

### कांग्रेस और जातिवादी पार्टियों को बिगड़े दिनों में याद आते हैं दलित : मायावती

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दलितों को लेकर सोमवार को कांग्रेस समेत अन्य जातिवादी पार्टियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर



कहा कि बिगड़े दिनों में ही कांग्रेस और जातिवादी पार्टियों को दलितों की याद आती है। अच्छे दिन आते ही इन्हें फिर से दरकिनार कर दिया जाता है। मायावती ने कहा कि जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है। पूरे देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए इनको दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख स्थानों पर रखने की जरूर याद आती है। लेकिन ये पार्टियां, अपने अच्छे दिनों में, फिर इनको अधिकांशतः दरकिनार ही कर देती हैं तथा इनके स्थान पर, फिर उन पदों पर जातिवादी लोगों को ही रखा जाता है जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है। बसपा सुप्रीमों ने कहा कि जबकि ऐसे अपमानित हो रहे दलित नेताओं को अपने मसीहा बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर से प्रेरणा लेकर इन्हें खुद ही ऐसी पार्टियों से अलग हो जाना चाहिए तथा अपने समाज को फिर ऐसी पार्टियों से दूर रखने के लिए उन्हें आगे भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के कमजोर वर्गों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की वजह से अपने केन्द्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा भी दे दिया था। जिनसे प्रेरित होकर फिर मैंने भी जिला सहारनपुर के दलित उत्पीड़न के मामले में इसकी हुई उपेक्षा तथा ना बोलने देने की स्थिति में, फिर मैंने इनके सम्मान व स्वाभिमान में अपने राज्यसभा सांसद से इस्तीफा भी दे दिया था। ऐसे में दलितों को बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने की ही सलाह है। उन्होंने कहा है कि इसके इलावा, कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियां शुरू से ही इनके आरक्षण के भी विरूद्ध रही हैं। राहुल गांधी ने तो विदेश में जाकर इसको खत्म करने का ही ऐलान कर दिया है। ऐसी संविधान,आरक्षण व एससी,एसटी,ओबीसी विरोधी पार्टियों से ये लोग जरूर सचेत रहें।

### हरियाणा में भाजपा उम्मीदवार को किसानों ने बंधक बनाया

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के नारायणगढ़ से भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। रविवार रात प्रचार के दौरान पवन सैनी को करीब दो घंटे तक बंधक बनाया गया। अंबाला के एसपी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। उग्र ग्रामीणों को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। नारायणगढ़ विधानसभा हलका मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृहक्षेत्र है। नायब सैनी इस बार लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं और लाडवा से प्रमुख दावेदार रहे पवन सैनी नारायणगढ़ हलके चुनाव लड़ रहे हैं। नारायणगढ़ से उम्मीदवार पवन सैनी रविवार शाम काफिले के साथ वोट मांगने फतेहगढ़ जा रहे थे। रास्ते में किसानों ने चारों तरफ से ट्रैक्टर लगा कर उन्हें घेर लिया। करीब डेढ़ घंटे तक वह किसानों के बीच फंसे रहे। किसान उन्हें ट्रैक्टर चढ़ा कर कुचलने का डर दिखाते रहे। इस दौरान खूब हंगामा हुआ। सूचना मिलने के बाद अंबाला के एसपी सुरेंद्र भौरिया भारी पुलिस बस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज कर पवन सैनी को सुरक्षित वहां से निकाला। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इससे पहले रविवार को ही अंबाला कैंट के भाजपा उम्मीदवार अनिल विज का गांव गरनाला में किसानों ने विरोध किया। उन्हें सभा को जैसे-तैसे खत्म कर लौटना पड़ा। इसे लेकर अनिल विज ने चुनाव आयोग और पुलिस महानिदेशक से शिकायत की है। उन्होंने विरोध कर रहे कुछ किसानों के नाम भी बताए।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट तीन लाख करोड़ रुपये के पार

**पटना :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दशार्ता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है। उन्होंने आगे कहा, ग्राहक अपनी बचत को सुरक्षित रखने और अपने परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं। हम सख्त निवेश और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का पालन करते हुए, उनकी बचत का ध्यान रखते हैं। इस दृष्टिकोण ने हमें कंपनी की शुरूआत से लेकर विभिन्न बाजार स्थितियों के दौरान किसी भी गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) से बचने में मदद की है। बागची ने आगे कहा, "हम मानते हैं कि जीवन बीमा न सिर्फ व्यक्ति या समाज को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि धन सृजन और सेवानिवृत्ति आय की प्राथमिक जरूरतों को भी पूरा करता है। ऐसे में, हमारे उत्पाद और प्रक्रियाएँ इन सभी जरूरतों को कुशलता से पूरा करने के लिए तत्पर हैं। जीवन बीमा को सरल बनाने और नवीन उत्पाद विकसित करने में प्रौद्योगिकी समाधान मददगार साबित हुए हैं। वे हमें ग्राहक अनुभव को बढ़ाने वाले सही चैनल के माध्यम से सही कीमत पर सही ग्राहक को सही उत्पाद पेश करने में भी सक्षम बनाते हैं। वादों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता वित्त वर्ष 2024 के लिए हमारे 99.17 के दावा निपटान अनुपात में परिलक्षित होती है। यह सिर्फ 1.27 दिनों के टर्नअराउंड समय के साथ उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह * (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902